DR. R. K. PODDAR: You are supplying computers and TV sets in some schools. Not even black boards are there, as you yourself admit. For that, just to suppress our criticism, you have launched the idea of Operation Blackboard. But in your annual report you have not said how many black boards you have supplied to the schools. There is a fancy list of items. *(Interruptions)* There is a list of fancy items in the appendix of that action programme, and that includes perhaps the Encyclopaedia Britannica also. Every primary school is going to have such

[Dr. R. K. Poddar]

things. But I would like to know from the Minister and the Government....

SHRI P. V. NARASIMHA RAO: Whether an encyclopaedia is there, do you want to know?

DR. R. K. PODDAR: Which of those items have been supplied to which schools, let us know.

SHRI P. V. NARASIMHA RAO: It is a part of the whole programme. We have not taken any chances or left it to the whims and fancies of those who are running the schools there. We have, in consultation with all experts in the field, drawn up a list. According to that list, whatever a school is lacking will be supplied to the school. This is the position. And that is going to be implemented this year, 1987-88. I hope, I am clear.

SHRI NIRMAL CHATTERJEE: You are never unclear in your promise. (*Interruptions*)

SHRI R. K. PODDAR: The last point I want to make is this. I would not have made it unless Prof. Rao had not raised it, the question of over-production in higher education. In fact, Prof. Rao is not unaware of the fact, even in the United States there are more than 5,000 institutions which you may call as higher educational institutions. But, if you scan a standard journal, a prestigious journal like the Physical Review on Proceedings of the National Academy of Sciences, you can locate hardly 20 research institutions and universities there from which publications are made. That means, although there are many institutions, only a few can complete to be the best. This is the rule of life, this is the law of life, perhaps, that all cannot be at the top at the same time. Unless you have the base, how can you have the pyramid? It is the democratic right of the Indian people to have education and to have higher education. But there is failure, utter failure of this Government to provide proper employment facilities for our educated people. So, it is a relative term, over-production is a relative concept. What percentage of young people of India are in colleges and universities? If you cannot provide employment, everything will be redundant. Even we ourselves would be redundant some day.

With these words, I conclude, Sir.

डा० रुद्र प्रताप सिंह (उत्तर प्रदेश): आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आपका मैं हृदय से आभारी हूं जो आपने मुझे को मानव संसाधन मंत्रालय के कार्यकरण पर हो रही चर्चा पर भाग लेने के हेतु अवसर प्रदान किया है । मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं । चूंकि आपके द्वारा निर्धारित समय में मंत्रालय से संबंधित समस्त विभागों पर विचार प्रकट कर पाना संभव नहीं है, अतएव मैं अपने को केवल संस्कृति विभाग तक ही सीमित रखना चाहता हूं ।

मान्यवर, सर्वप्रथम मैं अपने दल के नेता प्रधान मंत्री आदरणीय श्री राजीव गांधी जी को बधाई देना चाहता हूं जो उन्होंने मानव संसाधन मंत्रालय की स्थापना की है । साथ ही भारतीय संस्कृति में गहरी रुचि ले रहे हैं । सांस्कृतिक विभाग के लिए बजट में ऐतिहासिक वृद्धि संस्कृति के संरक्षण तथा सवर्द्धन में उनकी प्रतिबद्धता तथा समर्पण का द्योतक है, ज्वलन्त उदाहरण है । मुझ को इस बात की हार्दिक प्रसन्नता है कि माननीय श्री नरसिंह राव जी एक अत्यन्त सज्जन एवं महान् विद्वान व्यक्ति हैं, उन्हें मानव संसाधन मंत्रालय का मंत्री बनाया गया है । मुझ को इस बात की भी प्रसन्नता है कि संस्कृति विभाग आदरणीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व तथा माननीय मंत्री जी के मार्गदर्शन में अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन निर्धारित नीति के अनुरूप कर रहा है । प्रशंसनीय कार्यों की सराहना करते हुए मैं कुछ सुझाव प्रस्तुत करना अपना कर्त्तव्य समझता हूं ।

श्रीमन्, देश में सात सांस्कृतिक केन्द्रों की स्थापना की गई है । देश के समस्त प्रदेशों एवं प्रशासनिक क्षेत्रों को इन सात क्षेत्रों से सम्बद्ध किया गया है । केन्द्रों तथा उनके कार्यक्षेत्रों का सूक्ष्म तथा गहन अध्ययन करने से यह अनुभव होता है कि कहां पर केन्द्र स्थापित किया

जायेगा, इसका पूर्व निर्णय लेकर क्षेत्रों का विभाजन किया गया है । जब कि उचित यह होता कि प्रथम क्षेत्रों का विभाजन किया जाता और तब उसके मध्य में या सांस्कृतिक दृष्टि से उचित स्थान पर केन्द्र की स्थापना की जाती । जो नहीं हुआ है । परिणामस्वरूप अनेक प्रदेशों तथा केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों को दो या दो से भी अधिक केन्द्रों के साथ सम्बद्ध किया गया है, जो मेरे विचार से किसी भी दृष्टि से उचित नहीं प्रतीत होता है । मैं कुछ उदाहरण प्रस्तुत करना चाहूंगा । आंध्र, कर्नाटक, बिहार, असम, मणिपुर, त्रिपुरा एवं महाराष्ट्र को दो केन्द्रों से सम्बद्ध किया गया है । यह तक कि राजस्थान को तीन केन्द्रों के साथ सम्बद्ध किया गया है । इतना ही नहीं कुछ प्रदेशों तथा केन्द्र प्रशासित क्षेत्रों को जिस केन्द्र से सम्बद्ध किया जाना था उससे न करके अन्य केन्द्रों से सम्बद्ध कर दिया गया है । उदाहरण के रूप में उत्तरी क्षेत्र में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और काश्मीर तथा चंडीगढ़ को रखा गया है जोकि सराहनीय है । परन्तु उसी में राजस्थान का कुछ भाग भी सम्मिलित किया गया है । मेरे मत से यह उचित नहीं है । केन्द्र प्रशासित क्षेत्र दिल्ली को इसी क्षेत्र के साथ सम्मिलित किया जाना सर्वथा उचित था परन्तु उसको उत्तरी मध्य क्षेत्र के साथ सम्मिलित किया गया है जो कि मेरे मत से उचित नहीं है । जहां तक केन्द्रों की स्थापना का प्रश्न है मैं केवल एक उदाहरण प्रस्तुत करना चाहूंगा । मेरे मत के अनुसार उत्तर-पूर्वी क्षेत्र का केन्द्र मणिपुर होना चाहिए था लेकिन उसको केन्द्र बनाना तो दूर रहा, उसको दो केन्द्रों से सम्बद्ध किया गया है । माननीय मंत्री महोदय से मेरा अनुरोध है कि मैं सांस्कृतिक केन्द्रों के नाम, स्थिति तथा कार्य क्षेत्र पर पुनर्विचार करने की कृपा करें । महोदय, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने कहा है कि :

'भूल इस भव में मनुष्य से ही होती है और अंत में सुधारता है उसको मनुष्य ही किन्तु वह चूक हाय जिसके सुधार का रहता उपाय नहीं हूक बन जाती है और जन जीवन बिगड़ जैसा जाता है ।'

इसलिये माननीय मंत्री जी सहमत होंगे कि भूल का सुधार किया जाना । यदि राष्ट्र के हित में किसी भूल का सुधार किया जाना आवश्यक हो तो उसे अवश्य ही किया जाना चाहिए ।

श्रीमन्, हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री जी ने केन्द्रीय फिल्म सेंसर प्रमाणीकरण बोर्ड को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से असम्बद्ध करके उसको मानव संसाधन मंत्रालय के फिल्म विभाग में सम्मिलित किया था । माननीय सदन इस बात से सहमत होगा कि यह निर्णय इस विचार से लिया गया था कि फिल्मों के प्रमाणीकरण में भारतीय संस्कृति के दृष्टिकोण को अपनाया जाय परन्तु फिल्मों में नग्नता, अश्लीलता तथा हिंसा के दृश्यों की बाढ़ रुकी नहीं, वह बढ़ती ही जा रही है । इसका कारण है कि आज भी खोसला समिति के प्रतिवेदन की संस्तुतियों का क्रियान्वयन तथा विधायन का कार्य सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन हैं । जब तक उपर्युक्त कार्यों को भी सांस्कृतिक विभाग के अन्तर्गत नहीं लाया जाएगा, नग्नता तथा अश्लीलता की यह बाढ़ नहीं रुक सकती हैं । हमें आशा हैं कि हमारे विद्वान मंत्री जी इसके संबंध में आवश्यक पग उठाने की कृपा करेंगे जिससे भारत की संस्कृति की रक्षा हो सके, राष्ट्र के चरित्र की सुरक्षा हो सके जो कि पतन के कगार पर खड़ी हुई है ।

श्रीमन्, मुझको प्रसन्नता है कि सांस्कृतिक विभाग अपने पुरातत्व अनुभाग के माध्यम से भारत के अतीत के संरक्षण में कार्यरत है । उत्खनन तथा स्मारकों के संरक्षण कार्य में लगा हुआ है । देश तथा विदेशों के पर्यटक एवं विद्वानों के लिए स्मारकों तथा भग्नावशेषों आदि के प्रामाणिक इतिहास का नितांत अभाव है ।

[डा० रुद्र प्रताप सिंह]

माननीय मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि देश के समस्त स्मारकों, भग्नावशेषों आदि का प्रामाणिक इतिहास लिखाया जाये जिससे देश तथा विदेशों के पर्यटकों, विद्यार्थियों तथा विद्वानों को भारत के स्वर्णिम अतीत का वास्तविक ज्ञान प्राप्त हो सके। स्मारकों तथा भग्नावशेषों का किस के द्वारा निर्माण किया गया था, किसके द्वारा उनको नष्ट किया गया था, किसके द्वारा उनका पुनर्निर्माण किया गया था, किसके द्वारा उनका जीर्णोद्धार किया गया, ये सभी बातें प्रामाणिक रूप से प्रकाश में आनी चाहिए।

श्रीमन्, अब मैं सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के संबंध में कुछ शब्द कहना चाहूंगा। मुझको इस बात की प्रसन्नता है कि हमारे जनप्रिय प्रधानमंत्री... (व्यवधान) ... माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय ने 10 मिनट का समय दिया है, मुझे इसे 10 मिनट में पूरा करना है।

हमारे जन प्रिय प्रधान मंत्री के नेतृत्व में विदेशों के साथ हमारे सांस्कृतिक संबंधों में वृद्धि हो रही है, उनके साथ हमारे सांस्कृतिक संबंध प्रगाढ़ हो रहे हैं। हमारे सांस्कृतिक सम्बन्ध मधुर रहे हैं। मैं चाहता हूं कि विश्व के समस्त देशों के साथ हमारे सांस्कृतिक सम्बन्ध स्थापित हों, प्रगाढ़ हों और मधुर हों। इस सम्बन्ध में तभी विस्तार होगा तभी प्रगाढ़ होगा तभी अर्थपूर्ण होगा जब हम विश्व समुदाय को भारतीय जीवन-दर्शन का साक्षात्कार करा सकें। जब तक हमारी अनुमति में अपनी संस्कृति के प्रति आस्था नहीं होगी उसके अनुरूप अभिव्यक्ति नहीं होगी तब तक भारतीय संस्कृति की आत्मा के दर्शन नहीं हो सकेंगे। माननीय मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि जब सांस्कृतिक दल विदेशों में भेजे जाएं तो उन में भारतीय संस्कृति के विद्वान जो अभिव्यक्ति के साथ अनुभूति में भी भारतीय हों उनकी संख्या में वृद्धि की जाए जिससे कि भारत की वास्तविक छवि उजागर हो सके। भूतकाल में संयुक्त राज्य अमरीका तथा फ्रांस में भारत महोत्सव हुए थे, उनके अनुभव का लाभ उठाया जाना चाहिये। भविष्य में सोवियत संघ तथा स्वीडन तथा जापान में जो भारत महोत्सव आयोजित किये जाएंगे उन के आयोजन में विशेष सावधानी की जाए जिससे कि भारत जो संस्कृति के क्षेत्र में जगत का गुरु रहा है। उसकी मर्यादा की रक्षा हो सके; गुरु का गौरव बढ़ सके, गुरु विश्व को प्रेम तथा शान्ति का संदेश दे सके।

श्रीमन्, अंत में मैं कहना चाहूंगा कि माननीय सदन मुझ से सहमत होगा कि अभी तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का अर्थ विदेशी प्रभाव में पड़ कर संकुचित हो गया है। प्रमुख रूप से गायन, वादन, नृत्य आदि का प्रदर्शन ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का अर्थ हो गया है। मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि वह एक महान विद्वान मंत्री हैं उनके कार्यकाल में संस्कृति शब्द के अर्थ में विस्तार हो उसके वास्तविक अर्थ में सांस्कृतिक विभाग वही कार्य करे। कलाकारों की भांति संस्कृति विद्वानों की सेवाएं साहित्य के सृजन, परिसंवाद तथा विदेश यात्राओं के रूप में ली जाए और इसके सम्बन्ध में एक व्यापक योजना बनाई जाए। मानव संसाधन मंत्रालय के कार्यकरण की सराहना करते हुए मैं माननीय मंत्री जी तथा दोनों माननीय राज्य मंत्रियों को हृदय से धन्यवाद देता हूं।

डा० बापू कालदाते (महाराष्ट्र) उपसभाध्यक्ष महोदय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट के संदर्भ में मैं कुछ विशेष मुद्दों की तरफ ही आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मैं इस रिपोर्ट का जो प्रथम भाग है इसमें जो प्रस्तावना है उसके चार मुद्दों को संक्षेप में पढ़ कर दिखाना चाहता हूं। पहला यह है, मैं कोट करता हूं—

> "इस में यह भी कहा गया है कि अपने व्यापक रूप में मानव संसाधनों के पर्याप्त विकास के बिना, हम

विकास की प्रक्रिया में क्षतियों को रोक नहीं सकते तथा यह कि अपने सभी रूपों में शिक्षा ही तीव्र तथा सतत् सामाजिक तथा आर्थिक प्रगति की कुन्जी है। नम्बर दो, एक ओर तो स्वास्थ्य तथा पोषण और दूसरी ओर कार्य तथा रोजगार के बीच संबंध स्थापित करने की भी जरूरत है। नम्बर तीन, शिक्षा पद्धति की स्थापना के लिए एक प्रयास है जिसमें देश भर में शिक्षा के भिन्न-भिन्न चरणों की समाप्ति पर योग्यता की तुलनात्मकता को निश्चित करने के लिये एक समग्र पाठ्य-विवरण संरचना तथा कोर पाठ्यचर्या निर्धारित हो, तथा जो समाज तथा संस्कृति के एकात्मकता संबंधी पहलुओं को सुदृढ़ बनाए तथा जो एक समतावादी, लोकतांत्रिक तथा धर्म निरपेक्ष समाज के लिये आवश्यक एक मूल्य पद्धति भी स्थापित करे। नम्बर चार, इस नीति में यह भी स्पष्ट किया गया है कि शिक्षा का कायापलट, विषमताओं में कमी, प्रारम्भिक शिक्षा सर्वसुलभ बनाना, प्रौढ़ शिक्षा तथा वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय अनुसंधान होना चाहिये, वगैरह वगैरह।"

इन चार कारणों के लिये नई शिक्षा नीति बनाई गई है, ऐसा मैं समझता हूं। इसी पर मेरा आक्षेप है कि यह बात सही है कि मानव संसाधनों का विकास हो क्योंकि यही एक कैपिटल है हमारे देश में। अगर मनुष्य को कैपिटल के रूप में देखना है तो इसमें एक तरह से जैसे हम लोग कोई इन्वेस्टमेंट करते हैं वैसे ही उसका उपयोग देश की प्रगति के लिए होना चाहिये। इस दिशा में कोई मूलगामी कदम अगर नहीं उठायेंगे तो जो चार उद्देश्य हमने इस नीति के तहत रख हैं वे पूर्ण तो नहीं होंगे लेकिन इन उद्देश्यों के विपरीत समाज व्यवस्था तैयार होगी, यह एक मुझे बहुत बड़ा डर लगता है। अब जो नयी शिक्षा नीति के प्रोग्राम्स आफ एक्शन हैं उसकी तरफ आप आयें तो पता लगेगा। हमने इस बात को माना है कि हम इस समय सार्वजनिक शिक्षा पर बल देकर चलेंगे। सार्वजनिक शिक्षा की बात की ओर सरकार ने यह फैसला किया कि आपरेशन ब्लैक बोर्ड चलेगा। एक तरफ देहातों में आपरेशन ब्लैक बोर्ड चलेगा और दूसरी तरफ शहरों में और धनी लोगों के लिये आपरेशन टी०वी० चलेगा क्योंकि आप वहां आपरेशन ब्लैक बोर्ड के जरिये...

श्री पी० वी० नरसिंह राव : आपरेशन टी०वी० भी गांव के लिये चलेगा।

डा० बापू कालदाते : चलेगा लेकिन कब? मैं वही पूछने वाला हूं, क्योंकि...

श्री पी० वी० नरसिंह राव : कैसे चलेगा मैं बताऊंगा।

DR. BAPU KALDATE : The point is very essential.

SHRI P. V. NARASIMHA RAO : Absolutely, I will tell you.

डा० बापू कालदाते : क्योंकि मैं यह कहता हूं कि आपरेशन टी०वी० चालू है। अब देहातों में पहले से सिर्फ ब्लैक बोर्ड जा रहा है। ब्लैक बोर्ड के बाद धीरे-धीरे जहां टी०वी० की सुविधाएं देहातों में होंगी तो आपका आपरेशन टी०वी० चला जायेगा लेकिन तब तक यहां क्या हालत होगी? क्योंकि यहां चलेगा टी०वी० यहां चलेगा कम्प्यूटर और हमारे लड़के पढ़ेंगे देहात के ब्लैक बोर्ड पर। मैं इसके लिये पहले से कह रहा हूं और इस पर मैं बहुत दिनों से यह बात कहता आया हूं कि सिर्फ सार्वत्रिकता से नहीं चलेगा। सार्वत्रिकता के साथ समान शिक्षा की व्यवस्था इस देश में होनी चाहिये नहीं तो बुनियादी तौर पर उसी विषमता को हम चालू रख रहे हैं। एक तरफ हम...

श्री पी० वी० नरसिंह राव : नहीं यह नहीं है।

डा० बापू कालदाते : आप कह सकते हैं ऐसा नहीं, गलत हो सकता है।

SHRI P. V. NARASIMHA RAO : Sir, we are going on wrong premises. I have made it very clear time and again that my programme consists in making available educational technology to the farthest corner of the country simultaneously with the best schools in the country, I am not responsible for those schools which are already functioning here. I am responsible for the schools to which I am going to cater these things and I am going to cater according to the programme which is simultaneous in all the areas of the country. This I have made very clear and I do not think, we should misinterpret, it in such a way that I am myself creating a hiatus between the two. I am not.

DR. BAPU KALDATE: Who is creating?

मैं जब बात करता हूं शिक्षा नीति की तो मैं सिर्फ सामाजिक परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में करता हूं। मैं यह नहीं मानता हूं कि शिक्षा की नीति सामाजिक परिवर्तन से कोई अलग बात होती है। आप भले कहें एक शिक्षा मंत्री होने के नाते कि मैं इस दिशा में जाने का प्रयास करता हूं लेकिन समाज की व्यवस्था में यही विषमता चालू रहेगी और इसके बारे में सरकार के रूप में और सामाजवादी ढंग से काम करने की इच्छा रखने वाली सरकार के रूप में अगर आप यही व्यवस्था बनाएंगे तो मुझे डर लगता है कि आपकी शिक्षा नीति किस हद तक समानता की ओर जाने के लिए हम लोगों की मदद करेगी। मैं इस बारे में बहुत जोर दूंगा इसलिए चाहता हूं कि जो नयी टेक्नोलाजी आ रही है इससे तो in the race, the rural boy will never catch the boys who are already running ahead of him. पहले तो था कि दौड़ा करते थे अब यह हो रहा है कि वह लड़का दौड़ेगा और शहरी तथा धनी लोग हवाई जहाज में बैठकर जायेंगे इसलिए मुझे डर लगता है कि यह हमारा देहाती लड़का कभी भी इन धनी और शहरी लोगों को नहीं पकड़ पायेगा। मैं मिसाल के तौर पर बताता हूं। अब कंप्यूटर की क्लासेज शुरू हो गयी हैं क्योंकि नयी टेक्नालाजी ला रहे हैं। कौन से लड़के वहां पढ़ेंगे ? क्योंकि हमारे देहात में ब्लैक बोर्ड नहीं है तो कंप्यूटर का सवाल ही नहीं है, टी० वी० का पता नहीं है। टोटल माडर्नाइजेशन की आप बात कर रहे हैं।

SHRI P. V. NARASIMHA RAO : Sir, let me just bring to his notice a very relevant factor. We are in the process of selecting the schools for the class programme. Class programme, you know, is a computer programme. Where are the schools? They are not in Delhi, they are not in Bombay, they are not in Hyderabad. We have requested the State Governments to give us a list of schools most of which are situated in the farthest areas of the country. So, to the extent it is in my power, I am not only not increasing the disparities, I am making a very conscious and deliberate attempt to decrease the disparities, and give to the farthest area at the same time with the most advance area the technology which is in my hands. I am not talking of private enterprise. I am not talking of what is happening in other areas of the society. We have inherited it. I am not really closing my eyes to that. I am only drawing your attention to the fact that my programme as it exists today, as it has been conceived of, as it has been formulated, as seeks to decrease the disparties by all these methods which I have just described.

डा० बापू कालदाते : मैं बार-बार यही कहता हूं कि क्या शिक्षा नीति आपकी राष्ट्रीय नीति से अलग है? अगर राष्ट्र की नीति का एक हिस्सा शिक्षा नीति है, तो मैं तो यह कहता हूं कि सारी सरकार अगर मिल कर परिवर्तन की बात को सोचती है, तो इसमें आपका शिक्षा मंत्रालय कितना करता है, यह बात अलग नहीं हो सकती है, बजाय इसके कि सारे देश में इसका क्या असर हो रहा है।

हम आपको कहते हैं कि जो नया माडर्नाइजेशन आएगा, जो पहले सीखेंगे, उनके हाथ में सारा माडर्नाइजेशन चला जाएगा, यह मुझे डर लग रहा है। आपके स्कूल जो हैं, आप कहेंगे कि देहातों में कंप्यूटर कुछ सालों के बाद चले जायेंगे

लेकिन तब तक यहां की सारी व्यवस्था उन्हीं लोगों के हाथों में जाएगी, जिनके हाथ में आज कंप्यूटर सीखने की शक्ति है और इससे मुझे डर लगता है कि ज्यादा विषमता बढ़ने की संभावना लगती है, मानो कि जो उद्देश्य हमारी आंखों के सामने हम एक नए सामाजिक परिवर्तन का रखते हैं, उसके बिलकुल विपरीत व्यवस्था इस देश में होने का मुझे विशेष, डर लगता है । इसके कारण लगता है कि आपके कंप्यूटर की जो देहातों में जाने की गति हैं और साथ-साथ कंप्यूटर की गति जो आज शहरों में चल रही है, उसका कोई मुकाबला हो नहीं सकता है । पांच, दस या बारह साल क्योंकि आठवीं पंचवर्षीय योजना में आप देहातों में कंप्यूटर कुछ कर सकेंगे, लेकिन तब तक इन दस सालों में यहां कंप्यूटर और माडर्नाईजेशन की व्यवस्था कहां तक जाएगी ?

अगर यह गलत ढंग से जाएगी, तो आपकी शिक्षा नीति के अनुसार भी जो आप करना चाहते हैं, उसका भी असर नहीं होगा । इसका मुझे बहुत डर लगता है ।

इसके लिए मेरी मांग साफ है और वह बहुत दिनों से है, आज भी है कि शिक्षा सार्वत्रिक हो, लेकिन शिक्षा समान हो । यह न हो जाए कि कोई धन के जरिए ऐसा करे कि वह शिक्षा को ग्रैब करे, लूट ले और जिनके हाथ में धन और सम्पत्ति नहीं है, वह शिक्षा से वंचित रह जाए । यह व्यवस्था ही मूलत: गलत होगी और इसके परिणाम बहुत ही बुरे निकलेंगे ।

मेरा आपसे पहला निवेदन यह है कि अगर आप इस देश में कुछ कर सकते हैं तो जिनको हम पब्लिक स्कूल के नाम से कहते हैं—अभी संस्कृति की बात बोली गई... (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : जो बात आप कह रहे हैं.... (व्यवधान)

डा० बापू कालदाते : नहीं, इसमें क्या है— You ban all the public schools. What is there in it? हमारी मांग तो साफ है कि— You ban all the public schools और जो अच्छे लोग हैं, सभी जगह पढ़ाने की व्यवस्था करें । इसमें है क्या ? लेकिन आप इसको थोड़ा दुरुस्त कीजिए । अब कुछ संस्थाओं को कहें कि नहीं हम नहीं करने देंगे, या हमारी जो नीति है इसको इस्तेमाल करेंगे—मैं मिसाल के तौर पर आपको कहता हूं कि एक तरफ तो; भारतीय संस्कृति की बात करते हैं, अब मेरे सामने मिसाल है कि हम एक घर में गये थे । उनका लड़का पब्लिक स्कूल में पढ़ता है । और वहां एक बात चलने लगी । उनके पिता जी और हम बात कर रहे थे । उन्होंने कहा कि आप मंगल के दिन घर आइये । अब यह लडके हम से पूछते हैं कि अंकल— **What is this Mangal?** तो हमको अंग्रेजी में कहना पड़ा कि मंगल के माइने ट्यूजडे होता है । Then he understood it— यही भारतीय संस्कृति हैं, मालूम नहीं हैं । अगर यही भारतीय संस्कृति की निशानी है कि मंगल के लिए अंग्रेजी में कह कर वह भारतीय मंगल को समझेगा, लेकिन— This is what is breeding in this country. यह चल रहा है । देश में जो खुद को सभ्य मानते हैं, इनकी यह आदत है कि सभ्यता के नाम पर भारतीय संस्कृति का कोई मंत्र घर में पढ़ेंगे, लेकिन सारा जो व्यवहार चलेगा, वह वैस्टर्नाइज्ड कल्चर की तरफ चलेगा और यह— These are breeding centres of this type of wasternised culture in this country.

अगर सही माने में उदार भारतीय संस्कृति—मैं क्षुद्र भारतीय की बात नहीं करता हूं, मैं उदार की बात करता हूं, जो गांधी जी ने हमें सिखाई उस उदारता की बात करता हूं जो इस देश की आजादी की जंग में बुनियादी सिद्धांत आए, उन सिद्धांतों की बात करता हूं और मैं कह रहा हूं कि जब तक यह समान शिक्षा की बात हम नहीं करेंगे, तब तक इस देश में भारतीय संस्कृति नहीं बनेगी, एक इलीट क्लास वालों की देश चलेगा, जो भारत की भाषाओं को और भारत की संस्कृति को मिटाने का ही काम करेगा । यह मेरी सब से बड़ी शिकायत हैं नीतियों के बारे में ।

अब मैं इस पर ज्यादा नहीं कहूंगा लेकिन मैं आप से दरखास्त करूंगा कि

[डा० बापू कालदाते]

आप एक काबिल मंत्री होने के नाते, आजादी की जंग के एक स्वतन्त्रता सेनानी होने के नाते हम लोग आपसे दरख्वास्त करते हैं कि क्या सही मायने में इस देश में जो सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया आप चलाना चाहते हैं, जिन बुनियादी सिद्धांतों पर आप खुद लड़े हैं, हम भी आप के साथ रह कर कुछ थोड़ा-बहुत योगदान कर पाए हैं। क्या आप नहीं कर पायेंगे ? किन से हम अपेक्षा करें ? यह देश समता के आंदोलन और समता की दिशा में चले इसके लिये मेरी आप से एक गुजारिश है कि आप जैसे लोग जिन्होंने मूल्यों के आधार पर कुछ मेहनत की हैं और कुछ काम किया है इनसे दरख्वास्त हम कर रहे हैं कि मेहरबानी करके कि जो देश एक बड़ी डिस्टोटड प्रक्रिया पर चल रहा है उसको बचाने का काम आप ही लोगों को करना होगा। हम आपका साथ देंगे। इतना मैं आपको कहता हूं कि इस प्रक्रिया में हम आपका साथ देंगे। आपने मूल्यों की बात कही है। मैं कहता हूं कि मैं मिसाल इसलिये दे रहा हूं कि हम यह सोच रहे हैं और आपने कहा है आपके चैलेंज में एक बाजारी मूल्य का प्रादुर्भाव हो रहा है। मैं यह कहता हूं इसका प्रदूषण इतना डेंजरस है, चार दीवारों में वैल्यूज क्रिएट नहीं होती है। आप आजादी की जंग में कोई किताब पढ़ कर नहीं आये और न मैं किताब पढ़ कर आया हूं आप जैसे जो लोग थे जिनका त्याग देख कर निष्ठा देखकर, जिन्होंने जो मेहनत की है जिनकी लगन देख कर जो हुतात्मा हो गये उनका बलिदान देख कर जो संस्कार हमारे या आपके मन पर हुये होंगे इसको लेकर हम आजादी की जंग में उतरे। स्कूलों की किताबों से नहीं उतरे। अगर समाज में यह अवस्था नहीं होगी, मैंने मजाक में एक बार कहा था कि आजादी की जंग में था "देना बैंक" अब शुरू है "लेना बैंक"। अब देना बैंक खत्म हो गया क्योंकि त्याग, समर्पण से देने की प्रक्रिया हम और आप लोग चलाते थे। हम आप के साथी थे। यह जो देने की प्रक्रिया है इसमें भी हम आपके सहभागी थे। आज लेना बैंक चल रहा है। इसका मतलब है कि सारी दुनिया में जो एक व्यापार मूल्य आ रहा है इसका अतिप्रभावी, अति डेंजरस प्रदूषण इस देश में भी चल रहा हैं। प्रोफैशनल कालेजज की बात छोड़ दीजिये जिस शिक्षा को सुधारने का प्रयास आप कर रहे हैं उसी शिक्षा बी० एड० कालेज का जो मसला महाराष्ट्र में चला उसमें बाजारी मूल्यों के अलावा क्या है ? यह मैं आप से पूछना चाहता हूं कि 10 हजार रुपये दीजिये और अपनी एडमिशन लीजिए, बीस हजार रुपये दीजिये अध्यापन विद्यालय की एडमिशन लीजिए। अगर महाराष्ट्र में बगैर पैसे से कोई अच्छा से अच्छा धंधा चला कुछ दिनों तक, तो यह अध्यापक विद्यालय खोलने का चला। इसमें लाखों रुपये कमाये गये। अगर बाजारी मूल्य से शिक्षा भी चलेगी तो जो केंद्रीय सरकार एक मूल्य आधारित शिक्षा नीति का विचार कर रही है उसको खत्म करने का फैसला तो आपकी महाराष्ट्र की सरकार कर रही है। आपने यह कहा जिससे हम थोड़ा बहुत खुले है देखना चाहते हैं कि कब ला रहे हैं यह बाजारी मूल्य को खत्म करने के लिये विधेयक क्योंकि आप कोई ऐसा विधेयक हमारे सामने लाने वाले हैं।

श्री पी० वी० नरसिंह राव : अब जो बात खत्म हो गई उसको बार-बार क्यों कह रहे हैं।

डा० बापू कालदात : मैं बुनियादी रूप से पूछना चाहता हूं मैं चाहता हूं कि कोटे के हवाले को छोड़ दीजिए, मैं आपसे पूछ रहा हूं कि क्या यह संकेत नहीं है जो आप चाहते हैं क्या यह उसके विपरीत नहीं है ? यह मेरा आपसे सवाल है। इसके लिये मैं कहूंगा कि अगर इससे आपको निकलना है तो सरकार को कड़ी नजर रखनी चाहिये। मैं मानता हूं कि शिक्षा कंकरेंट लिस्ट में है। Why not monitor it? Why not tell the Government?

भाई यह जो आप कर रहे हैं यह हमारे सिद्धांतों के विपरीत हो रहा है यह तो आप

कह सकते हैं। कम से कम मोनिटरिंग की कोई व्यवस्था अगर आप करेंगे तो भी मुझे लगता है कि ज्यादा काम हो सकता है। जो सवाल राव जी ने उठाया उसके ऊपर जरूर आपका ध्यान खींचना चाहता हूं। मैं बहुत सोचने के बाद इस नतीजे पर आया हूं The UGC has become a white elephant. माफ कीजियेगा उस शब्द के लिये, मैं अपने अनुभव से कह रहा हूं क्योंकि मैं यह मानता हूं कि जहां तक नीतियों का सवाल है, जहां तक कोई पालिसी डिसीजन की बात है वहां तक यू० जी० सी० का काम केन्द्रित करना मैं समझ सकता हूं। लेकिन जहां तक धन-राशि देने का सवाल आता है वहां यह असम्भव है। अब दूर-दराज में 100 से ज्यादा विश्वविद्यालय स्थापित हो गये हैं हजारों कालेजज हैं। मराठवाड़ा में जहां 10 कालेजज से यूनिवर्सिटी शुरू हो गई अब वहां 122 कालेजज हैं। वहां से मांगते हैं पैसे मंजूर हो जाता है और 6 महीने, साल, दो साल, तीन साल लगातार पीछे लगने के बाद यू० जी० सी० से पैसा नहीं मिलता है। उसके लिये राव जी ने जो सुझाव दिया है कि आप पालिसी मेकिंग बाडी के लिहाज से उसको केन्द्रित रखिये। जहां तक फाइनांशियल की बात है, एलोकेशन तो आप यहां से करेंगे वह एलोकेशन वहां उनको जल्दी मिले। ऐसी व्यवस्था है। इस दृष्टि से आपको ऐसा काम करना होगा, ऐसा मैं मानता हूं। अन्त में एक ही बात खेल-कूद के बारे में कहकर समाप्त करूंगा। मैडम, ... (व्यवधान) ... मैडम एज ए मिनिस्टर, मैं आपका ध्यान इसके पेज नंबर 14 "खेल-कूद" 1.9 की ओर दिलाना चाहूंगा, यह ग्रामीण सवाल है, आपने यह लिखा है कि राज्य सरकार को टूर्नामेंट आयोजित करने के लिए प्रत्येक ब्लाक के लिए 200/-रुपये, केवल 200/- रुपये ब्लाक के लिए, प्रत्येक जिले के लिए 3000/- रुपये और बड़े राज्य और राज्यों के लिए 10,000/- रुपये देंगे। मैं आपसे यह कहूंगा कि सही मायनों में हमारे देहातों में दिक्कत यह है कि हमारे पास इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है, महाराष्ट्र में हरेक जिले में स्टेडियम है। यहां कोई रेगुलर ट्रेनिंग का प्रोग्राम हो सकता है क्या, इसे आप देखिए? यह मैं इसलिए कह रहा हूं कि आप इधर-उधर, बहुत संस्थाओं को देते हैं, अगर सही मायनों में यह मानते हैं कि रूरल टेलेण्ट को आगे आना चाहिए तो मैं जोर देहाती शिक्षा के बारे में देना चाहता हूं, वही देहाती खेल-कूद के बारे में भी देना चाहता हूं कि उनको बहुत बड़ा हिस्सा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करना, उन्हें ट्रेनिंग देना, उनमें चुने हुए लड़कों को आगे लाना, यह जरूरी है। देश के सारे खिलाड़ियों को देखिए और बताइए कि इसमें एक-दो या तीन परसेंट भी देहात के लोग हैं? इसलिए मेरी आपसे दरख्वास्त है कि इसमें यह देहात का एलोकेशन आप बढ़ा दीजिए। तो इन लड़कों के लिए आप प्रयास कीजिए। इसी के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं। धन्यबाद।

SHRI NIRMAL CHATTERJEE : Last year it was Rs. 199/-. There is an increase this year.

SHRI P. V. NARASIMHA RAO: One full rupee.

श्री मीर्जा इर्शादबेग (गुजरात) : मान्यवर उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस बात का समर्थन करता हूं कि मानव संसाधन विकास एक अनिवार्य साधन ही नहीं, किन्तु एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय लक्ष्य भी है। इन राष्ट्रीय लक्ष्यांकों की पूर्ति के लिए सरकार की आयोजना तथा क्रियान्वयन पर मैं हार्दिक बधाई देता हूं। किन्तु कुछ त्रुटियों की ओर भी मैं अंगुली निर्देश करना चाहता हूं।

मान्यवर, सर्वप्रथम तो मंत्रालय की ओर से जो वार्षिक रिपोर्ट मिली, मैं कहना चाहता हूं, मंत्री जी इस बात की ओर ध्यान देंगे ऐसी आशा करता हूं, एनुअल-रिपोर्ट में जब शिक्षा और संस्कृति से संबंधित है तो अगर उसमें, ऐसी हमारी, जिसे अमूल्य कह सकें, ऐसी जो कृतियां हैं, उसके बारे में अगर चंद फोटोग्राफस दिए होते तो उससे

[श्री मीना इर्शादबेग]

हमारे ज्ञान में वृद्धि हो सकती थी और उसे और अधिक सुंदर बनाया जा सकता था।

मान्यवर, भारतीय साहित्य के एनसाइक्लोपिडिया के प्रथम भाग को जो हमारी सरकार ने संपूर्ण किया है, उसके लिए मैं सरकार को और मंत्रालय को हार्दिक बधाई देता हूं। सरकार और विशेषकर प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी को इस बात के लिए हार्दिक बधाई दूंगा कि एक सुन्दर कार्यक्रम का आयोजन करके, जिसका नाम अपना उत्सव रखा गया और जिसमें देश के विभिन्न भागों से कलाकारों को जमा करके उनकी हौंसला-अफजाई की, ऐसे सुन्दर कार्यक्रम का आयोजन किया, इसके लिए मैं सरकार को और प्रधान मंत्री जी को हार्दिक बधाई देता हूं।

मान्यवर; मैंने एनुअल-रिपोर्ट में यह देखा कि आपने लायब्रेरी को और समृद्ध बनाने के लिए भी पैसा रखा है। मैं इस संदर्भ में आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा कि हमारी लायब्रेरी में जो अमूल्य कृतियां हैं, जिन पर विदेश के कुछ लोगों की नजरें हैं, जैसा मैंने पढ़ा है कि रामपुर की रजा लायब्रेरी से, जिनको बहुमूल्य कहा जा सकता है, ऐसी लिपियों की चोरी हो गयी तो मैं मंत्रालय से यह कहना चाहूंगा कि इस बात की ओर विशेष ध्यान रखा जाय और जिसे विश्व-प्रसिद्ध कहा जा सके, ऐसी लिपियों और किताबों के रक्षण की व्यवस्था की जाय।

मान्यवर, जब स्मारकों की बात आती है तो मैं इसके लिए कहना चाहूंगा कि पूरे विश्व में हिन्दुस्तान में जो इमारत हैं या कलाकृत्तियां हैं, वह विश्व-प्रसिद्ध हैं। ऐसी अनूठी और अनोखी कलाकारी उनमें बताई गई है कि सदियों पहले जो स्मारक बने हैं वे आज भी विश्व प्रसिद्ध हैं, लेकिन उन पर वायु के प्रदूषण से होने वाले नुकसान के लिये रक्षात्मक उपाय होने चाहिये। मैं मानता हूं कि इतना बड़ा व्यय हम नहीं कर पाते, लेकिन कम से कम हमारे देश में जितनी ऐसी इमारतें हैं उनके कुछ हिस्से; कुछ पोर्शन ऐसे हैं जिनमें सर्वोत्तम कलाकारी के नमूने हैं, मैं चाहूंगा कि ऐसे स्थलों का अलग से चयन किय जाये और उनकी रक्षा के लिये विशेष प्रावधान करने की कोशिश की जाए। महोदय, आज ही मेरे एक प्रश्न के उत्तर में मन्त्रालय ने उत्तर दिया है कि अहमदाबाद की सीदी सैयद की जो जाली है उसका जो प्रदूषण हो रहा है, उसका पत्थर गलता जा रहा है, उसके लिये मंत्रालय ने कहा है कि उस पर विजुअल्स देख सकें ऐसा कोई प्रदूषण हमें नहीं दिखाई पड़ता। कितनी ही बातें दिखाई नहीं देती हैं, लेकिन अगर वैज्ञानिक परीक्षण करें तो मालूम होगा कि उन पर असर हो रहा है। पार्लियामेंट की इमारत को आप लें, बाहर से कुछ उस पर दिखाई नहीं देता है, लेकिन जो लोग काम कर रहे हैं, उनसे आप पूछिये तो वह बतायेंगे कि उसके पत्थर की परत पतली होती जा रही है। तो मैं चाहूंगा कि ऐसी बातें ब्यूरोटिक्रेक ढंग से न देखें और ऐसी सामग्री को प्रोटेक्ट करने के लिये सम्पूर्ण व्यवस्था करें।

मान्यवर, मैं मंत्रालय को इस बात के लिये बधाई देता हूं कि उन्होंने विश्व के दर्शनीय स्थलों में फतेहपुरी सीकरी, खजुराहो और गोवा के चर्चों को शामिल करवाया है। यह हमारे लिये और हिंदुस्तान के लिये बड़ी गौरवपूर्ण बात है।

मान्यवर, अब मैं खेल-कूद की ओर मन्त्रालय का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। मैं मानता हूं कि क्रिकेट और दूसरे एक दो खेलों के अलावा विश्व कक्षा में हमने अधिक स्थितियां हासिल नहीं की हैं। इसलिये मैं मानता हूं कि स्पोर्ट्स फैडरेशन का जो कार्यकलाप है, उसके बारे में कई विचार और मतभेद वर्तमान हैं। मैं कहना चाहूंगा कि इसके बारे में हमें गहनतापूर्वक सोचना होगा। यह भी विचार कुछ लोगों ने अखबारों और सामयिकी के माध्यम से रखा है कि जहां खिलाड़ियों का चयन होता है, वहां फैवरेटिज्म आ गया है। मैं आप का ध्यान इस ओर दिलाना चाहूंगा कि इस बात की जांच करें कि कहीं ऐसी बात तो नहीं है जिसकी वजह से हम विश्व स्पर्द्धा में पीछे जा रहे हैं। आपके मन्त्रा-

लय को इसके लिये लांग टर्म स्पोर्टिंग प्रोग्राम बनाने चाहिये जिससे कि हम विश्व कक्षा में आगे बढ़ सकें।

मान्यवर, कोचिंग की जो हमारी व्यवस्था है खिलाड़ियों के लिये उसका नये सिरे से रिव्यू होना चाहिये। कोचिंग की व्यवस्था इतनी कम है कि अगर हम जापान के समकक्ष नहीं आ सकते हैं, सियोल में हमारा नम्बर नहीं आ सकता है तो कारण यही है कि हमारे पास खिलाड़ी तो हैं, लेकिन उनकी सिस्टेमैटिक कोचिंग नहीं हो पाती है, संपूर्ण स्तर पर उनकी कोचिंग नहीं करते हैं। हमारे खिलाड़ी या तो किसी कारखाने में काम करते हैं या और किसी जगह काम करते हैं और चार हफ्ते के लिये, 10 हफ्ते के लिये या तीन महीने के लिये उनको ले आते हैं और विश्व कक्षा में उनको खड़ा कर देते हैं। तो वे खिलाड़ी कैसे विश्व स्तर पर आगे आ सकेंगे। इसलिये खिलाड़ियों का चयन करने के बाद उनको सम्पूर्ण समय की, सबसे अच्छी ट्रेनिंग दी जानी चाहिये उनके लिये सबसे अच्छे कोच विश्व के लाने चाहिये।

महोदय, महिलाओं के विकास के लिये मैं कहना चाहूंगा कि प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी ने पहली बार उनके लिये विशेष ध्यान दिया है। मन्त्रालय ने उनके लिये नए-नए कार्यक्रम दिये हैं। इसके लिये मैं मन्त्रालय को बधाई दूंगा। लेकिन मैं मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि महिलाओं के लिये शिक्षा के क्षेत्र में हम क्या वह स्थिति प्राप्त कर पाए हैं? मैं सुझाव देना चाहूंगा कि जैसा कि बापू कालदाते कह रहे थे, मैं उनके साथ सहमत हूं, लेकिन सरकार अगर संपूर्ण तौर पर शिक्षा की व्यवस्था सम्भाल ले तो क्या हमारी आर्थिक क्षमता है, क्या हम सुविधायें उनको दे सकते हैं, उसके अनुसार वह योजना बना सकती है। गांवों में हमारे पास भवन नहीं हैं, मकान नहीं हैं और इसलिये वहां प्राइवेट स्कूल चलते हैं, पोलिटैक्नीक चलते हैं तो हमें दो शिफ्टों की बात को मान लेना चाहिये खासकर महिलाओं के लिये सुबह की शिफ्ट हो तो हम उनके लिये भांट दे सकते हैं और सुबह की शिफ्ट मंजूर कर सकते हैं। मेरी मंत्री जी से दर्खास्त है कि इस बात की ओर खास ध्यान दें।

मेरा अगला सुझाव यह है कि महिलाओं के साथ बड़ा डिस्क्रिमिनेशन किया जा रहा है। एक तरफ तो हम पुरुष और महिलाओं को एक साथ रखना चाहते हैं, महिलाओं को पुरुष के समकक्ष लाना चाहते हैं लेकिन जब उनको सरकारी सेवा में लाने की बात आती है तो उनकी जो आयु मर्यादा है वह 45 वर्ष की रखी जाती है जबकि पुरुष की आयु मर्यादा 58 वर्ष की है। यह डिस्क्रिमिनेशन क्यों है? इससे महिलाओं का विकास अवरुद्ध होता है। इसलिये मैं सरकार से मांग करता हूं कि इस डिस्क्रिमिनेशन को दूर किया जाये। मैं आशा करता हूं कि इस बात की ओर मंत्री जी ध्यान देंगे और इस को आगे ले जाने की कोशिश करेंगे।

पति-पत्नी को एक साथ रखने की बात आती है तो मानव संसाधन विकास मंत्रालय और दूसरे सरकारी मन्त्रालय इन दोनों को जुदा करने पर क्यों तुले हुये हैं। मैं आशा करता हूं कि कम से कम केन्द्र के अन्तर्गत जो आफिसेज आते हैं और उनमें पति-पत्नी अलग-अलग जगह पर काम करते हैं तो उनको एक साथ रहने का मौका दिया जाये। मैं आप के माध्यम से मन्त्री जी को यह कहना चाहूंगा कि ऐसा कीजिये जिससे कम से कम दोनों पति और पत्नी अगर एक ही सर्विस में काम करते हैं और एक दूसरे से अलग रहते हैं उनको एक साथ, एक ही जगह पर रहने के लिये कहा जाये। आपने सरकुलर तो निकाल दिया लेकिन उस पर ठीक से अमल नहीं हो रहा है। आप इतना जरूर कीजिये कि पति-पत्नी सर्विस में काम करते हुये अलग-अलग न रहें, एक साथ ही रहें।

कुछ माननीय सदस्य : अलग-अलग जगह पर सर्विस जो पति-पत्नी करते हैं उनके लिये बात है।

श्री मीर्जा इर्शादबेग: पहली बार देश में बच्चों के विकास के लिये कार्यक्रम दिये गये हैं। इसके लिये मैं बधाई देना चाहूंगा। आई० सी० डी० एस० का जो कार्यक्रम हैं जो 6 साल से नीचे की आयु मर्यादा के बच्चे हैं उनका कार्यक्रम बहुत

[श्री मोर्जा इर्शादबेग]

अच्छा चल रहा है । एक-तिहाई कार्यक्रम तो सम्पूर्ण भी हो चुके हैं । लेकिन मेरी समझ में यह नहीं आता कि इतने अच्छे कार्यक्रम को जिसकी देश के सभी लोगों ने सराहना की है उस कार्यक्रम को प्लानिंग कमीशन डिस-कंटीन्यू करने पर क्यों तुला हुआ है । मुझे आशंका है कि सिर्फ देश के ही कुछ विभाग नहीं हैं बल्कि कुछ ऐसी ताकतें हैं जो इस अच्छे कार्यक्रम को डिसकंटीन्यू करने के लिए सरकार पर दबाव डाल रही हैं । मैं आशा करता हूं कि बाल विकास के लिये जो अच्छे कार्यक्रम हैं आप उनको अच्छे ढंग से और आगे चलायेंगे जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी आगे बढ़ सके ।

कुछ ऐसी बातें हैं, कुछ ऐसे कार्यक्रम हैं जिनका क्रियान्वयन न होने की वजह से सरकार और सरकार की नीतियां बदनाम होती हैं । मैं आशा करता हूं ये जो सुझाव रख हैं इन सब सुझावों पर बड़ी गहराई से विचार करेंगे और देश के विकास के लिये सबसे बड़ी आवश्यकता अगर किसी चीज की है तो वह है हमारी शिक्षा प्रणाली तो इस शिक्षा प्रणाली को और अधिक तेज गति से आगे ले जायेंगे । शिक्षा प्रणाली में अभी कई विकृतियां हैं और उन विकृतियों को दूर करने की कोशिश करेंगे । मैं समझता हूं शिक्षा नीति को, या शिक्षा प्रणाली को सही ढंग से लागू किया जाए तो देश में साक्ष-रता आ सकती है और लोगों को अशिक्षित रखा जाए तो उनकी क्या हालत होगी आप समझ सकते हैं । बाल्मीकि जो एक लुटेरा था वह बाल्मीकि ऋषि बन सकता है क्योंकि उसको सही शिक्षा प्राप्त हुई । इस वजह से जो इसकी विकृतियां हैं उसको दूर किया जाए । देश के कोने-कोने से जब सक्षम व्यक्ति यहां पर आकर इस सदन के माध्यम से देश को समृद्ध करने के लिये और देश की संस्कृति को, देश को गौरवान्वित करने के लिये आज बात कर रहे हैं तो मैं आशा करता हूं कि उस पर गम्भीरतापूर्वक सोच-विचार करें और देश को आगे ले जाने के लिये कोई नीति बनाकर अमल करें । यह देश सदियों से सिर्फ अपने ही देश को नहीं बल्कि विश्व को नेतृत्व देता आया है और यह नेतृत्व आज भी अन्य राष्ट्रों के लिये प्रमाण है । मैं आशा करता हूं कि शिक्षा प्रणाली में आमूल परिवर्तन होगा । जो हमारी आवश्यकता है उस आवश्यकता को समझ कर और उसके साथ हमारी और देश की जो प्रगति है उस प्रगति को सामने रख कर आप इसको आगे बढ़ाने की कोशिश करें । मैं आशा करता हूं मानव संसाधन मंत्रालय इस गति को और आगे ऊर्ध्व गति देगा और अधिक शक्ति देगा । आपने मुझे ये बातें कहने का अवसर दिया इसके लिये मैं आपका आभारी हूं । धन्यवाद ।

PROF. C. LAKSHMANNA (Andhra Pradesh): Mr. Vice-Chairman, while we are discussing the working of the Ministry of Human Resource Development, we would like to keep one major thrust in mind. This year is the first year of the Action Plan arising out of the National Educational Policy, 1986. The new educational policy is supposed to be creating a knowledge base in the country, the knowledge base which will provide adequate human resources for the overall growth and development of the country. If that is the case, are we moving in that direction of giving a knowledge base in the country?

The first and foremost requirement for creating knowledge base is to create the capacities of those large sections of the population who are now illiterate and ignorant. This was rightly realised by the founding fathers of the Constitution. That is the reason why they said that efforts should be made to have universal primary education in about 10 years' period. We are now almost crossing 40 years and still that remains a dream. Even the new educational policy and the action frame and the annual report come forth with one statement that they would be able to create universal primary education oppotunities by the end of 1989-90, and that they will be covering upto the age of 14 years, by about 1995. From now to 1989-90 only two years more are left. In answer to my supplementary to a question, the Minister of Human Resource Development stated that approximately about Rs. 100 crores are earmarked for the current year for meeting the needs of Operation Blackboard. In reply to another question, the Ministry had replied that about 40 per cent of schools

at the primary level in the country are without many of the facilities, like adequate space for school building, and several other facilities in the classrooms. And as per the information given by the Ministry, there are about 5 lakh odd schools in the country at the primary level. Therefore, 40 per cent of these 5 lakh odd schools in the villages comes to about 2 lakh schools. Now, what percentage of these schools has to be covered by the Operation Blackboard is a question. If it is to be divided by 3, about 80,000 schools require the facilities to be provided during the current year, and if we divide Rs. 100 crores by this figure of 80,000 schools, the figure that will come gives the intentions of the Government. I would like to know from the Minister as to how they are going to provide all these facilities with this amount of Rs. 100 crores. That is the reason why while participating in the discussion on the New Education Policy, or even in the discussion on the Ministry earlier, we had stated that unless you raise your allocation to the tune of 6 per cent of the Gross National Product, which was the recommendation of many commissions, including Kothari Commission, we may not be able to make much headway.

The answer given was that we are trying to come to about three or four per cent in the next two or three years and meet the rest of it by tapping sources like the NREP, RLEGP etc. After having promised this, what has been the allocation this year? It has not reached even three per cent, it is two per cent odd. Therefore, I would like to know from the hon. Minister as to how they are going to achieve the tall claim of attaining universal primary education, at the elementary stage, by 1989-90. And how do they go about making available free and compulsory education up to the age of 14 by 1994-95? I would like to know this from the hon. Minister.

Now, there is another thing which is very important. Whenever we raise the question of allocation for education, the hon. Minister, who is not present here, has been saying that we are trying to have the first charge on RLEGP, NREP etc. After having said this he became the Minister of Health and Family Welfare also. While dealing with that subject also he said that the primary charge for providing primary health centres etc. will be the RLEGP, NREP etc. It looks as if the RLEGP, the NREP and such programmes have become a Kamadhenu, that they can be milked for any programme you want. Therefore, I would like to ask two specific questions. If the hon. Minister was intending to utilise the NREP, RLEGP etc. for improving the facilities in the schools, in the villages, has he issued any formal orders to this end? If you have issued formal orders, have you monitored as to how much money has been provided under these programmes for construction of school buildings, provision of educationals, if you have not monitored, you are only trying to evade the question. You are only keeping us, Members of Parliament, and the country in dark. I think that is a charge which will be much more grave than what has been happening during these forty years. I would specifically ask the hon. Minister to kindly let me have this information.

Now, from this, we come to the secondary stage. This is the stage where we should create opportunities for the children to be self-reliant, to be able to stand on their own legs. The only way in which you can make that population self-reliant when once they complete their secondary stage of education is through vocationalisation. But the action plan of the new education policy proposes only ten per cent of the enrolled students in the secondary stage to be brought under the stream of vocationalisation. I would like to ask. What is it that you are intending to do? Vocationalisation inevitably, invariably, requires inputs, educational technologies and so on and so forth. But are we creating conditions in the society where the people living in the farthest villages, about whom the hon. Minister was speaking a little while ago, are provided with such facilities? He says 'the facilities available with us'. What does he mean? Does he make a distinction between the Union Government and the State Governments? Is he concerned only with his limited number of schools? But we are not dealing with the limited number of schools which are run as Kendriya Vidyalayas, or Cent-

[Prof. C. Lakshmanna]

ral Schools or even Navodaya Schools, We are concerned with the educational process in the country as a whole. It means not merely the Central Government, but the State Governments as well. But unless you come in a big way to help substantially the State Governments, they will not be able to tackle the problem. This is the major thrust. Then, you are taking about TV programme. The second channel is being created only in two or three stations. Even that second channel which is or is being created is not adequately made available for educational purposes. In reply to a question asked by me, the Minister for Information and Broadcasting said that in such stations where the programmes broadcast from the main stations are made available to the rural areas, the extent of coverage is between 5 to 6 and half hours of the programme. Look at the way you are moving, how you have been creating inequalities. In six urban centres you have now introduced, what is known as mid-night TV cinema programme and each TV cinema is of the duration of 2 and half hours to three hours. If it is twice in a week, it is of six hours. That means, we do not hesitate in telecasting for about six hours for the benefit of those people whom you want to spoil their sleep but you are not going to create more educational facilities on the TV. The Andhra Pradesh Open University and such other institutions have been demanding more time on the TV in order to make non-formal education available to large sections of the population, but that is not being done, only a limited time is being given. Therefore, we can see that there is not much of an honesty on the part of the Ministry in creating the facilities.

The third point is about the university education. Each of the university will be given about one crore ten lakhs to one crore twenty five lakh rupees maximum. Some universities may be given seventy five lakhs and some 50 lakhs during the Seventh Plan for development, but the tragedy is, a major part of it will go as a charge for the spillover of the Sixth Plan, with the result, many of the major universities are not getting more than Rs. 25 to 30 lakhs. That means, instead of increasing the developmental aspects of the university education in this country even by 10 per cent, what you are doing is only squeezing it. Therefore, Mr. Vice-Chairman, I would like to remind the Minister that there is a lot of gap between precept and practice. You are neither going in the direction of improving educational facilities at primary, secondary or university level no keeping your promises. You have always been talking that your aim is to take the country into 21st century with computers. Again, who will be provided with computers? The Minister was claiming that computers will be provided to schools which are farthest. Yes, we believe in adhocism, we believe in tokenism. As a result of this, we would provide one computer perhaps for a school which is farthest in a village in a district. Will that be a solution? Will that create the necessary condition of utilisation of high technology? I doubt.

Now we will come to other aspects. We come to culture. Culture is a process which is to be allowed to grow with the active support and participation of the people at large. But what is happening in the name of culture? In the name of making available culture we are providing opportunities for a few chosen old people who are in charge of these programmes. A person who is in charge of one programme today is shifted to another programme. Another person who is in charge of another programme today is again shifted to another programme. I do not want to mention the names of the persons. They are well known. Therefore, the culture has become the prerogative only of a few chosen people somewhere. And the pet ideas of such people get immed- 4.00 P.M. iate sanctioning from the public exchequer. I have nothing against the Apna Utsav. But I only ask : has the Apna Utsav fulfilled its objective? What is its impact? Has there been any study conducted by anybody as to what impact it has left? How much have we been able to imbibe? I hope it is not, once again, creating the types of images

— the typoligies — which are created about the Indian culture elsewhere -- that is, of snakes, elephants and so on. If that is the way we want to create the impact of Apna Utsav, I think it is not for the good of anybody. Therefore, try to bring in fresh blood, try to bring in people with ideas who really articulate as to what culture is and how cuture could be manifest not those who have been alienated from the real culture of the country, who have been living only in citadels and ivory towers. Please, for heaven's sake, free culture from those people. That is the only way in which you can do it.

So have a rational policy. With regard to the amount that has to be given to the cultural organisations, evolve a national policy.

Then I will come to sports. The newspapers are full of stories as to how there is delay in selections, there is delay in clearing their participation and how there is not sufficient time given even for training. There have been a number of instances where visas are not given, where training is not conducted properly, with the result that with inadeuqate preparation they go and participate only to get the type of name we are getting in the international events. Therefore, only two things have to be done in this connection. There is abundant talent in the rural areas. There are rural games. But I would like to ask the Minister how many of those who showed promise in the rural sports have been picked up, given training, *i.e.* scientific training, so that they could, in turn, bring name to the country. There is a disjointed effort. On the one hand we would like to encourage rural sports for the sake of rural sports. On the other hand we do not link them with participation. Therefore you have to have an organic link between the rural sports on the one hand and what happens at the national and international levels on the other. Unless this is done, unless the channels are open for the rural youth who have got all the talent, much headway is not going to be made. For example, take archery. Many of the boys and girls in the tribal areas could become very good archers. They could be effectively bringing laurels to the country. But we do not make any effort. Then again, most of the sports organisations are in the hands of a selected few individuals. They are the ones who dictate policies. They have their own vested interests which they want to perpetuate. In one sport, one head of that organisation even goes out of his limited path and invites the Head of a State to come to this country. If he had invited his counterpart, I could have understood. But he invites the Head of a State and that Head of the State accepts the invitation. A piquant situation was created in the country. On the one hand the troops of that country were amassed on the borders, on the other that gentleman comes to this great country at the invitation of that head of organisation. Therefore you have to think in terms of a rational encouragement to sports organisation. Finally, I will make only one point, on the much-talked about Navodaya Schools. We also had reservations about the Navodaya Schools.

SHRI PARVATHANENI UPENDRA : Why are you leaving women and children, Margaretji?

PROF. C. LAKSHMANNA : We had reservations about the Navodaya Schools on two counts. One is, it is going to be detrimental to the development of a child because it is going to neglect the mother tongue. Every Education Commission going into this. Every country's experience has been this that they could develop the necessary expertise in the country only when they were able to teach through the mother tongue. In the name of having pockets of excellence modelled after some particular institutions in mind which did not, at any point of time, produce first-rate people but, nonetheless, had produced people who matter, now you want to create those things. Secondly, it creates the problem of transfer of students from one area to another. On the floor of the House the Minister had stated that there will be 20 per cent transfer of the students in comparable districts, from one school to another, I would like to ask : If a student is transferred, say, from Tamil Nadu or Andhra Pradesh to, say, Uttar Pradesh or Bihar, he would have been having

[Prof. C. Lakshmanna]

working knowledge because Hindi was being taught to him there, and he will be able to integrate. But, if a student from Uttar Pradesh or Bihar is transferred to Andhra Pradesh or Tamil Nadu...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI G. SWAMINATHAN): I would request the honourable Member to please conclude.

PROF. C LAKSHMANNA: I am about to conclude ...(*Interruptions*)... Has the Navodaya Schools system, in that case, made sure that the students have been given training in the language in which they will have to have working knowledge? If it is not given, why is it not given, why did not the philosophy of the Navodaya Schools system take this fact into consideration? If it has been given, what success has it been?

In the end, under the Navodaya Schools scheme a sum of Rs. 500 crores has to be spent during the Seventh Plan period to cover 540-odd districts in the country. But, if I remeber correctly, in answer to one question the information has been given that this year only Rs. 69 crores have been set apart for the Navodaya Schools. If this is the system for which you create the facilities, already one year is over and the second year is now in operation, but together it has not been more than Rs. 100 crores, which means even the concept of Navodaya Schools for which you have given so much of importance will fall behind schedule. Therefore, I would like to ask the Minister whether they will seriously think in terms of creating conditions where a child is able to study in the mother tongue. If it is to be done, kindly do whatever modifications are needed to be made in the Navodaya Schools system. Otherwise you will only be creating heartburns. You will not create conditions by whcih the overall objective of integration between one area and another could be achieved.

Sir, there are many other things on which one can talk. But since the Vice-Chairman has been insisting that I should conclude, I will take yet another opportunity to talk all those things. Now I will stop. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI G. SWAMINATHAN : There are yet another 14 Members to speak and the honourable Minister has to reply. The time allotted is so short and so I have to ask honourable Members to be brief.

SHRI JAGDAMBI PRASAD YADAV (BIHAR) : The reply is tomorrow.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI G. SWAMINATHAN): Still, so many Members have yet to speak. Now Dr. Ratnakar Pandey.

[The Vice-Chairman (Dr. Bapu Kaldate) in the Chair.]

डा० रत्नाकर पाण्डेय (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के कार्यकरण के संबंध में जो प्रस्ताव आया है और जिस प्रकार माननीय सदन आज पूरे विस्तार से विचार कर रहा है इसमें मुझे भाग लेने का आपने अवसर दिया इसके लिए मैं आपके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना चाहता हूं । शिक्षा के क्षेत्र में पूरे भारत के स्वतन्त्रता के इतिहास में पिछले वर्ष हमने नई शिक्षा नीति का निर्धारण किया और उसके कार्यान्वियन का संकल्प लिया ।

पिछले वर्ष जो 253 करोड़ रुपए शिक्षा मंत्रालय के बजट में 1986-87 में स्वीकृत किए गए थे और अब माननीय प्रधान मंत्री और शिक्षा मंत्रालय को मैं बधाई देना चाहता हूं कि इस वर्ष 800 करोड़ रुपए शिक्षा और मानव ससाधन के विकास के कार्यक्रम पर अगले बजट सत्र में भारत सरकार ने निर्धारित किये हैं यह स्वयं में, अपने आप में बहुत बड़ी बात है। हमारी सरकार जो कहती है वह करती है। शिक्षा के क्षेत्र में यह उसका ज्वलन्त उदाहरण है ।

जहां तक ब्लैक बोर्ड आपरेशन की योजना है, विज्ञान और पर्यावरण की शिक्षा को मजबूत करना है, शिक्षा का व्यवसायीकरण करना है, शिक्षण प्रशिक्षक संस्थान बनाना है, बालिकाओं के लिए निःशुल्क शिक्षा देनी है, नवोदय विद्यालय

स्थापित करना है विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की कार्य पद्धति का पुनरीक्षण करना है, प्रौढ़ शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति करनी है, तकनीकी शिक्षा भी विकसित करनी है, संस्कृति विभाग को मजबूत बनाना है, कला विभाग को मजबूत बनाना है, महिला और बाल विकास विभाग सभी कार्यक्रम बहुत विस्तृत आयाम पर हैं। सब तो मैं नहीं कह सकता, लेकिन कहूंगा मानवीय जीवन के अधिक से अधिक विभिन्न स्तरों में संस्पर्श करने वाला यह कार्यक्रम है और मानव संसाधन विकास मंत्रालय यत्नशील है कि उस कार्यक्रम को पूरा करने में उसे सफलता मिले। जो हमारा एक्शन प्लान है उसमें सदन ने स्वीकृति दे दी है और माननीय शिक्षा मंत्री ने उसके कार्यान्वयन के लिए राज्य शिक्षा मंत्रियों, मुख्य मंत्रियों का सम्मेलन भी अगर मेरी जानकारी ठीक है तो कर लिया होगा। अब इसे इन्फ्रास्ट्रक्चर को बनाने का काम बाकी है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमति कृष्णा साही) : तीन, चार हो चुके हैं।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : मेरा विश्वास है कि अगस्त तक प्रान्तों के मुख्य मंत्रियों और शिक्षा मंत्रियों का सम्मेलन कर इस काम को खत्म कर लिया जाएगा। उसके बाद सबसे मूल काम होना चाहिये, मानव संसाधन मंत्रालय का कि इन सबके इन्फ्रास्ट्रक्चर का काम शुरू हो जाए और फिर उस पर अच्छी तरह से कार्यान्वयन हो। इसी तरह टी टी डी टी का जिला स्तर का टीचर्स को एजूकेट बनाने का प्रोग्राम है। इससे बहुत सी जो सब-स्टैण्डर्ड संस्थाएं हैं स्वयं समाप्त हो जाएंगी। हमारे जो माननीय साथी अभी चेयर पर विराजमान हैं उन्होंने बी०एड० शिक्षा की ओर संकेत किया। मैं मानता हूं कि केवल बी०एड० शिक्षा नहीं, मैडिकल कालेजेज, इंजीनियरिंग कालेजेज जितने प्राइवेट डोनेशन से चल रहे हैं, अगर शिक्षा मंत्री महोदया, मैं उप-सभाध्यक्ष जी के माध्यम से कहना चाहता हूं कि शिक्षा में फेयरनैस, ईमानदारी और एकरूपता, गरीबी की रेखा के नीचे जिंदा रहने वाले और टाटा-बिरला के लड़कों को एक समान शिक्षा प्रतिभा के बल पर आप देना चाहती हैं तो आपको डोनेशन इंस्टीट्यूशन को हमेशा के लिए बन्द कराना होगा तब जाकर नई शिक्षा नीति का कार्यान्वयन होगा और इस मूव का कड़ाई के साथ हम समझते हैं कि सारा सदन समर्थन करेगा। आप नान-फार्मल एजुकेशन के प्रोग्राम को भी गम्भीरता से लें और इसमें जो काम करने वाले बच्चे हैं हम लाख पास कर लें कि चिल्ड्रन लेबर बन्द कर देंगे लेकिन अभी बच्चों का शोषण तेजी से चल रहा है। हमने स्त्री-नारी स्वरूप अश्लील प्रतिरूपण विधेयक पास किया और आज भी अखबारों में उसके विज्ञापन और भी नंगे विज्ञापन नारी के आ रहे हैं। इसलिए सदन में जो हम पास करते हैं उसका कार्यान्वयन भी सरकार करे। चाहे किसी क्षेत्र में पास करें। पांच वर्ष का कोर्स तीन वर्ष में जो काम करने वाले काम-काजी बच्चे हैं उनके लिए अपोजेट कर रहे हैं नान-फार्मल एजुकेशन प्रोग्राम के माध्यम से इस पर ध्यान देने की जरूरत है जो हमारे देश का गरीब बच्चा शिक्षा नहीं प्राप्त करता है, गुब्बारे बेचता है, मोटर पोछता है और खेत में मजदूरी करता है, कालीन की बुनाई करता है। उसको शिक्षा पर हमें विशेष ध्यान देना है और इस पर मैं माननीया मंत्री महोदया जी से कहना चाहूंगा कि विशेष रूप से जो इसका अध्ययन एक्सपर्ट से करायें कि किस रूप में आप इस चीज को संचालित कर सकती हैं।

सेकेण्डरी एजुकेशन के संदर्भ में बोलते हुये इस डिबेट के प्रथम वक्ता ने भाषा की बात उठाई थी। भाषा की बात इस देश में 40 वर्षों से उठाई जा रही है और सेकेण्डरी एजुकेशन में इंगलिश और हिन्दी कम्पलसरी है, भारतीय भाषायें नहीं हैं। मैं तो चाहूंगा, हिन्दी रहे और केवल भारतीय भाषायें रहें। महात्मा गांधी ने कहा था कि जिस देश की अपनी राष्ट्रभाषा नहीं होती, वह राष्ट्र गूंगा होता है। तो क्या हम गूंगे बन कर अपनी राष्ट्रभाषा के बिना इक्कीसवीं शताब्दी में प्रवेश करेंगे दुनियां का सबसे मजबूत राष्ट्र होकर? हमें खुशी है कि शिक्षा मन्त्रालय ने इस बात की ओर ध्यान दिया है। स क्षेत्र में सोचना शुरू कर दिया है और

[डा० रत्नाकर पाण्डेय]

इस सन्दर्भ में मांग करूंगा शिक्षा मंत्रालय से कि जैसे तृतीय विश्व हिन्दी सम्मेलन हुआ था, हमें आश्वासन मिलना चाहिये कि चतुर्थ विश्व हिन्दी सम्मेलन अगले वर्ष आयोजित किया जायेगा, चार वर्ष हो चुके हैं।

मान्यवर महोदय, मैथिली शरण गुप्त की शताब्दी के लिये राष्ट्रीय समिति बनी, सुब्रह्मण्यम भारती जी के लिये बनी, मैं कहूंगा भारतीय भाषाओं का कोई भी साहित्यकार हो, उसके लिये शताब्दी मनानी चाहिये और इसके लिये मैं दो नाम सजेस्ट करना चाहता हूं, हिन्दी के ऐतिहासिक, साहित्य के शिरमौर, जिनकी जन-जन के मन में राष्ट्रीय चेतना की कहानी भरी हैं वृन्दावन लाल वर्मा, उनकी सौवीं जयन्ती अगले वर्ष शुरू हो रही है और इसके साथ ही रामचरित मानस" के बाद जय शंकर प्रसाद की "कामायनी" हिन्दी की सबसे महत्वपर्ण कृति है--

बनो संस्कृति के मूल रहस्य,
तुम्हीं से खलेगी यह बेल।
विश्व भर सौरभ से भर जाये,
सुमन के खेलो सुन्दर खेल।

उस महान माननीय कवि की सौवीं जयन्ती अगले वर्ष से हो रही है। इन दोनों महान कवियों के लिये, साहित्यकारों के लिये, उपन्यासकार और विचारकों के लिये राष्ट्रीय समिति का गठन शिक्षा मंत्रालय करे और उसके माध्यम से राष्ट्रीय चेतना जगाने का काम देश में विविध आयोजनों के माध्यम से हो।

जहां तक संस्कृति की बात है, संस्कृत इस देश की संस्कृति की आदिवाणी है और कोई भी भारतीय भाषा संस्कृत से परे नहीं है, मूल मन्त्र मां की तरह संस्कृत का राज्य स्थान है। चाहे वह हिन्दी हो, चाहे तमिल हो, चाहे तेलुगू हो, चाहे मलयालम हो, चाहे उड़िया हो, कोई भी भारत की भाषा हो। शिक्षा मंत्रालय को अगर नई शिक्षा नीति को स्थापित करना है और एजुकेशन में एथिक्स की बात चलानी है, एजुकेशन में नैतिकता की बात चलानी है तो वह संस्कृत भाषा के माध्यम से ही स्थापित होगा। "प्रथमं नार्जिते विद्या, द्वितीयं नार्जिते धनं, तृतीयं नार्जिते धर्मम् चतुर्थे किं करिष्यति" की वाणी को हमें हर स्तर पर कंपलसरी करना होगा। थ्री लेंगुवेज फार्मूला में संस्कृत पढ़ लिया जाये, यह परिपूर्ण नहीं है, पूरा नहीं है, सफिसिएन्ट नहीं है, इसलिये अनिवार्य रूप से संस्कृत को ही स्तर पर प्रारंभिक शिक्षा का माध्यम बनाया जाये।

मान्यवर उपसभाध्यक्ष जी, मैं कुछ जिज्ञासाएं अपनी मंत्री महोदया से कहना चाहूंगा कि सेकेण्डरी एजुकेशन के लिये वेल्यू ओरियेन्टेड एजुकेशन पर अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है। बिना वेल्यू ओरियेण्टेड एजुकेशन का राज्यों से मूल्यांकन कराये यह काम नहीं होगा। इसके लिये कुछ सुझाव देना चाहता हूं। स्पेशल कमीशन आप इसके लिये बनाइये, जो इस काम को ही करे। टाइम-बाउन्ड ढंग से इसका कार्यान्वयन कराइये। हम एन०सी०ई० आर० टी० की ओर से किताबें तो प्रोडयूस करते हैं प्राइमरी और हायर लेवल तक, तो क्या उच्च शिक्षा के लिये कोई बोर्ड बना है, जो लरनिंग मेटिरियल शिक्षा जगत को दे सके? इसकी एकरूपता देश में बननी चाहिये और उसके लिये एन०सी० ई०आर०टी० की तरह कोई न कोई संस्थान गठित होना ही चाहिये। एजुकेशन के लिये बहुत से क्षेत्रों में बिना किसी फीस, बिना फ्री आफ चार्जेज एजुकेशन देना चाहते हैं। आज सबसे बड़ी चीज यह है कि फ्रीडम स्ट्रगल का इतिहास हमारे भारत का अंग्रेजो ने लिखा और जाते-जाते भारत को दो टुकड़ों में अपनी कूटनीति से, अपनी हीन मनोवृत्ति से बांट दिया और उन्हीं के लिखे इतिहास को हम पढ़ाते हैं। मुझे मालूम है कि दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास का कोर्स बदलवाने के लिये स्वर्गीय इंदिरा गांधी परेशान हो गई लेकिन वहां पर मोनोपली बनी हुई है एक वर्ग विशेष की और उसी तरह का इतिहास पढ़ाया जाता है जैसा वे चाहते हैं। भारत का वास्तविक इतिहास, परतन्त्रता का इतिहास, इस युग का इतिहास जिस रूप में हमारी कक्षाओं में पढ़ाया जाता हैं, जो हमने पढ़ा है और जो आज हमारे विद्यार्थी पढ़ रहे हैं वह आपको पता है ...

(समय की घंटी) ...

मान्यवर, रूस की बात ले लीजिए। 480 घंटे के प्रसारण क्षमता की रूस की राष्ट्रीयता पर एतिहसिक टी०वी० फिल्म बनी है। हम टी०वी० के माध्यम से शिक्षा देने की बात करते हैं। हमें भी अपने इतिहास की शिक्षा में उसे अपनाना चाहिए। भारत की स्वतंत्रता का, उसके गौरव का, उसके अतीत का और उसके स्वर्ण युग का और उसका जो धोखेबाजी का, ब्लैक डेज का इतिहास है उसको इस रूप में रखा जाए जिससे पता चले कि मानवता किस तरह से धोखा खाती है और कहां पर गलतियां हुई है। स्वतंत्र भारत का व स्वतंत्रता का इतिहास जिसके लिए बलिदान दिए हमारे शहीदों ने, जिसके लिए कुरबानियां दी गई, उसके सही इतिहास को हमारे सामने आना चाहिए। प्रत्येक स्तर पर उसका ज्ञान विद्यार्थियों को दिया जाना चाहिए।

जो हमारे टीचर्स हैं उनको वैल्यू ओरियेंटेड ऐजुकेशन देना जरूरी है क्योंकि विभिन्न स्तरों पर जब तक वे शिक्षा के विभिन्न मूल्यों पर प्रकाश नहीं डालेंगे तब तक वे शिक्षा का उद्देश्य पूरा नहीं कर सकेंगे। टीचर को पढ़ाने की अच्छी ट्रैनिंग मिले तभी अच्छी शिक्षा दी जा सकती है। कितनी बड़ी विडंबना है कि बी० एड० और उससे अधिक की डिग्री पाने वाले, रिसर्च करने वाले ऐजुकेशन में जो चीजें पढ़ाते हैं वह हम हायर ऐजुकेशन में क्यों नहीं ला पाते हैं? इसलिए टीचर्स ट्रेनिंग के संदर्भ में जो टीचर्स को ट्रेनिंग दी जाए, वह हायर ऐजुकेशन के लिए भी दी जाए और उनको भारतीय संस्कृति, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की शिक्षा, पर्सनेलिटी डेवलपमेंट कैसे हो क्योंकि पर्सनलिटी ही लर्निंग है रवि बाबू ने कहा था कि व्यक्तित्व ही शिक्षा है। इस रूप में हम इन तीनों चीजों को सामने रखकर ट्रेनिंग टीचर्स की करेंगे तो ही सही शिक्षा दे सकते हैं।

उपसभाध्यक्ष जी, यू०जी०सी० की बात कही गई। मुझे क्षमा करेंगे हमारे माननीय सदस्य कि यू०जी०सी० रिजर्व बैंक या ईस्ट इंडिया कंपनी की तरह है। एक जगह केन्द्रित है, पूरा धन पालिसी सब एक जगह केन्द्रित है। इसलिए हम चाहते हैं कि यू०जी०सी० का विकेन्द्रीकरण किया जाए। यू०जी०सी० के अनेक मेम्बर हैं, महीने में एकाध बार उनकी मीटिंग होती है, केवल प्रेसिडेंट और वाइस प्रेसिडेंट ही परमानेंट हैं। इसलिए जिन व्यक्तियों को यू०जी०सी० नियोजित किया जाए उन्हें विभिन्न दृष्टिकोणों से उपयोगिता के आधार पर नियोजित किया जाए। बड़े-बड़े प्रोफेसरों और रिसर्च स्कालरों को आप पैसा देते हैं, लेकिन आज शिक्षा के क्षेत्र में पुस्तक या ग्रंथ रिसर्च स्कालरों से लिखवाए जाते हैं और उनको यू०जी०सी० से मान्यताएं दिलवाई जाती हैं। अब नई क्रान्ति आई है शिक्षा में भ्रष्टाचार बन्द करो, जो हमारी नई प्रतिभाएं आ रही हैं उनको सीधे आप अनुदान दीजिए, उनसे काम लीजिए, तब जाकर राजीव गांधी की नई शिक्षा नीति को लागू करने में आप सफल हो सकेंगे।

महोदय, रूरल इंस्टीट्यूट की बात कही गई। भारत गांवों का देश है। गांवों में जब तक गरीबों, हरिजनों, कृषकों, आदिवासियों और मजदूरों में शिक्षा नहीं पहुंचेगी, तब तक कुछ नहीं होगा। इसलिए देश की धरती की आवश्यकताओं को सामने रखते हुए रूरल इंस्टीट्यूट की स्थापना की बात होनी चाहिए।

अंत में माननीय उप सभाध्यक्ष जी, मैं बहुत ही संक्षेप में अपनी बात कहना चाहूंगा जो कि बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें एक तो परीक्षा की बात है और दूसरी मेहरोत्रा कमेटी की रिपोर्ट है। परीक्षा में सुधार की कार्यवाही होनी चाहिए। बड़ी बड़ी युनिवर्सिटियों में हम देखते हैं कि किताबों से खुलकर नकल करवाई जाती है। जब तक परीक्षा की पवित्रता हम स्थापित नहीं करते हैं तब तक हमारा उद्देश्य सफल नहीं हो सकता है। आज जो हम डिग्री को जाब से डिलिंक करने की बात करना चाहते हैं वह भी

[डा० रत्नाकर पाण्डेय]

अभी हम नहीं कर पाए हैं। उसको हम करके देख नहीं पाए हैं। इसलिए उस पर अगले शिक्षा सत्र से ही कार्यवाही होनी चाहिए। मेहरोत्रा कमेटी की रिपोर्ट आई, उसने कुछ सिफारिशें कीं। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय और यू०जी०सी० आदि ने इस कमेटी को बनाया और उसने अपनी रिपोर्ट दी। वह निश्चित करना चाहती है कि शिक्षा के क्षेत्र में अध्यापकों का क्या काम होगा और सरकार को उनके लिये क्या करना होगा। चारों ओर से चैलेंज आ रहे हैं कि हम उसको न मानें। एक ओर अटोनोमी की बात करते हैं और दूसरी ओर कहते हैं कि हम को प्रोमोशन दिया जाये। 10 साल से हम पढ़ा रहे हैं और दस साल से यदि हम पढ़ाते आ रहे हैं और हम पी०एच०डी० हैं तो हमें प्रोमोट कर दिया जाये। आप स्वायत्ता की बात करते हैं और राष्ट्र के निर्माता बनते हैं। आप जानते हैं कि गवर्नमेंट सर्वेंट्स के लिये रूल हैं कि जब भी वह आए तो हाजिरी लगाये। हम संसद सदस्य जब आते हैं तो हाजिरी लगाते हैं लेकिन दिल्ली विश्वविद्यालय को मैं जानता हूं कि यहां हाजिरी नहीं लगाते। कौन कब आया और कौन पढ़ा कर गया इसका कोई रिकार्ड नहीं रखा जाता। आप के माध्यम से शिक्षा मंत्रालय को कहना चाहता हूं कि आपने नार्म्स फिक्स नहीं किये, क्वालिटी के निर्माण पर ध्यान नहीं दिया, टीचिंग कंडक्ट, एकाउंटेबिलिटी पर आपने ध्यान नहीं दिया, डायरेक्ट कम्पीट करने का अधिकार भारत की प्रतिभाओं को नहीं दिया और प्रोमोशन स्कीम जारी रखी तो मैं आप से कहना चाहता हूं कि कोई भी कमीशन आप बनाते हैं तो उसकी सिफारिशों को डंके की चोट पर चाहे उसका कितना ही विरोध हो या कितना ही समर्थन हो उसको क्रियान्वित करें। इस देश की जनता आपके साथ है।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में आंदोलन हुआ और मैंने कहा था कि छात्र संघ को भंग करिये, अध्यापक संघ को भंग करिये, कर्मचारी संघ को भंग करिये। कल्याण परिषद बनें, जनतन्त्र में किसी को रोक नहीं सकते बनाने से इसलिये लेबर यूनियन बाजी का जमकर मुकाबला करना होगा आपको, अगर नयी शिक्षा नीति को आपको लाना है। राजीव गांधी के सपने को पूरा करना है तो सब्मिशन और सरेन्डर को छोड़ना होगा। सत्य का कमर कस कर मुकाबला करना होगा; छात्र आंदोलन का अध्यापकों के आंदोलनों का मुकाबला करना होगा। मैं आशा करता हूं कि जब नरसिंह राव जी जैसे विख्यात विद्वान सुचिन्तक को लगाया इस काम के लिये है श्री राजीव गांधी ने तो उनकी सहयोगी कृष्णा साही माग्रेट आल्वा और हमारे जो विद्या के विवेक के, ज्ञान के मानव संसाधन मंत्रालय के अधिकारी जो शिक्षा मंत्रालय में बैठे हुये हैं हमारे इस डिबेट को हिम्मत और पूरी निष्ठा व उत्साह के साथ में क्रियान्वित करेंगे। अन्त में मैं कहना चाहूंगा कि 100 करोड़ रुपया अगर मिला है तो हिन्दी विश्वविद्यालय की स्थापना होनी ही चाहिये। आप वचनबद्ध हैं, शिक्षा मंत्रालय वचनबद्ध है और उसकी घोषणा होनी चाहिये। तमिल विश्वविद्यालय है। अभी रामाराव जी ने श्री शैलम् में तेलगू विश्वविद्यालय की स्थापना की है। इस देश में हिन्दी विश्वविद्यालय नहीं यह शोभा नहीं देता। यह सब्जेक्ट स्टेट का नहीं है यह सेंटर का सब्जेक्ट है। आप के माध्यम से शिक्षा मंत्रालय से कहना चाहता हूं कि जिस राष्ट्र की अपनी भाषा नहीं होती उसकी अस्मिता संकट में होती है। भारतीय भाषायें उन्नत हों, अंग्रेजी जो गुलामी की भाषा है वह देश से जाये, इन्टरनेशनल ज्ञान के लिये भी यही आवश्यक है। लेकिन हमारी मनः अभिव्यक्ति की भाषा अंग्रेजी नहीं हो सकती। इन शब्दों के साथ मैं पुनः पुनः आपके प्रतिकृतज्ञता व्यक्त करता हूं कि आपने इतने विस्तार से मुझे अपने विचार कहने का अवसर प्रदान किया। धन्यवाद।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव (बिहार) :

विद्या ददाति विनयम्, विनयम् ददाति पात्रताम्

पात्रताम् ददाति धनम्, धनम् ददाति धर्मम् ।

अर्थकरी च विद्या,

लेकिन एक देहाती कहावत है कि-पढ़े फारसी बेचे तेल

देखो रे कुदरत का खेल ।

जब मैं इस शिक्षा की स्थिति को देखता हूं तो यह कहने के लिये मुझे बाध्य होना पड़ता है कि शिक्षा में अगर पात्रता नहीं है पात्रता और धनार्जन की न हो तो उसके दुष्परिणाम हमारे इस देश में कैसे हो रहे हैं इसका चित्र देखना अत्यन्त आवश्यक है। बेरोजगारी से तंग आकर आत्महत्या करने वाले 30 वर्ष से जो कम लोग हैं उनकी संख्या 40 परसेंट हैं और इस पर भी आपने पांच वर्ष से सरकारी क्षेत्रों में भरती बन्द कर दी है । चाहे कितने भी जुलूस निकलें नारे लगें कि उनको नौकरी मिले लेकिन आप नौकरी देने के पक्ष में नहीं हैं और रोजगार भत्ता देने की व्यवस्था भी नहीं है। श्री मन्, शिक्षा की गति को बढ़ाने का जो युद्धस्तर पर काम हो रहा है उसके लिए मैं एक छोटा सा उदाहरण उत्तर प्रदेश का देना चाहता हूं शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षा के प्रचार में कितने कालेज खुलते हैं, इस संबंध में उत्तर प्रदेश का उदाहरण देना चाहता हूं । सन् 1978-79 में वहां पर 19 विश्वविद्यालय 346 महाविद्यालय, 4869 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, 12049 सीनियर बेसिक स्कूल और 68122 जूनियर बेसिक स्कूल खुले। सन् 1981-82 में ये बढ़कर हो गये 19 विश्वविद्यालय, 5410 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, 13882 सीनियर बेसिक स्कूल और 71631 जूनियर बेसिक स्कूल । शिक्षा 37 प्रतिशत आई है । लेकिन मैं केरल का उदाहरण देना चाहता हूं जहां पर 70 प्रतिशत शिक्षा का प्रचार हुआ है। वहां पर देश की सबसे अधिक बेरोजगारी है । इस तरह से हमारे देश में बेरोजगारी की संख्या में दिन-प्रति-दिन वृद्धि होती जा रही है । इस देश में 14 वर्ष से कम उम्र के लगभग 60 लाख बालक मजबूरी से मजदूरी करने में लगते हैं । 20 लाख नवयुवक 19 वर्ष से पहले मजदूरी करने के लिये विवश हो जाते हैं । 12 लाख बच्चे ही स्कूलों में जा पाते हैं । एक परिवार को एक लाख रुपये अपने बच्चों पर खर्च करने पड़ते हैं। 80 हजार रुपये स्नातक की शिक्षा पर खर्च करने पड़ते हैं । हाई स्कूल की शिक्षा पर 60 हजार खर्च होते हैं । शिक्षा प्राप्त नवयुवकों में जो बेकारी बढ़ रही है उसके कारण नवयुवक शहरों की तरफ पलायन कर रहे हैं । छह: लाख डाक्टर और एक लाख 30 हजार स्नातोत्तर डाक्टर बेरोजगार हैं वे रोजगार की तलाश में शहरों की तरफ आ रहे हैं । गांवों में दवा के बिना लोग मर रहे हैं । शिक्षित बेरोजगार 1971 से अब तक 45 से 55 प्रतिशत बढ़ गये। पिछले 65 वर्षों में 73 प्रतिशत बढ़े हैं । काम के अभाव में लोग शहरों की तरफ पलायन कर रहे हैं । लगभग इस प्रकार के चार करोड़ लोग शहरों में आ चुके हैं । आगे के दस वर्षों में 7.4 करोड़ लोग शहरों की तरफ पलायन करके आ गये होंगे । अगर आप बेरोजगारों का रजिस्टर देखें तो आपको स्थिति का पता चल जाएगा । इन रोजगार कार्यालयों में दसवीं पास बेरोजगारों की संख्या 71 लाख हैं, 32.77 लाख, पूर्व स्नातक हैं और 22.8 लाख स्नातक या उससे अधिक की शिक्षा प्राप्त व्यक्ति हैं । आने वाले दस वर्षों में यह संख्या और भी बढ़ जाएगी । हमारे देश में शिक्षा की स्थिति को देख कर आश्चर्य होता है । सरकार कहती हैं कि हम कुटीर उद्योगों और लघु उद्योगों को बढ़ावा दे रहे हैं ।इनके नाम पर आज देहातों में यह हालत है कि लोहार की लोहारी छीनी रही है, हाली का काम गया । चर्मकार का रोजगार जाता रहा है और जुलाहे का काम भी खत्म होने जा रहा है । क्या आप इस प्रकार की शिक्षा को केवल मेकाल की शिक्षा ही रहने देंगे जिसमें कुछ क्लर्क और आई० सी० एस० अफसर बनाने के अलावा कोई उद्देश्य नहीं था ? मैकाले ने कुछ कुलीन लोगों को आई० सी० सी० बनाकर अपना चमचा बनाने के लिये यह शिक्षा पद्धति शुरू की थी । आज भी हम उसी शिक्षा पद्धति को चलाये हुये हैं । अब आपने नवोदय स्कूलों की बात कही है ।

[श्री जगदम्बी प्रसाद यादव]

प्रारंभिक शिक्षा की जो स्थिति है उसका मैं एक उदाहरण बिहार के सम्बन्ध में देना चाहता हूं। बिहार में यह हालत है जो सम्मानित और पढ़े-लिखे लोग हैं वे अपने बच्चों को दिल्ली या चण्डीगढ़ आदि दूसरे स्थानों में पढ़ाते हैं। अन्य जो 99 प्रतिशत मध्यम आय वर्ग के लोग हैं वे वहां पर रह जाते हैं। उनके छात्र कहीं बाहर नहीं जा सकते हैं। हमारे मानव संसाधन मंत्री कह रहे थे कि हमने आपरेशन ब्लैक बोर्ड चलाया है। लेकिन बिहार के ग्रामीण अंचलों की क्या स्थिति है। अगर कहीं पर भवन है तो उसकी छत नहीं है, छत है तो दीवार नहीं है, कहीं पर टाट नहीं है और कहीं पर अगर ये सब चीजें हैं तो वहां पर छात्र नहीं हैं। जहां पर छात्र हैं तो वहां पर शिक्षक नहीं हैं। इस स्थिति को सुधारने के लिये आप क्या कर रहे हैं। बिहार में 3 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च है, इसी प्रकार 3 प्रतिशत महाराष्ट्र में है। अतः स्थिति में सुधार नहीं हो सकता है। साधनों की कमी के कारण बिहार की दुर्गति हो रही है (व्यवधान)। मन्त्री जी, आपके क्षेत्र में भले ही नवोदय स्कूल खुल जायें, लेकिन मुंगेर जिले के मुख्यालय में क्यों नहीं? बरियारपुर जहां केन्द्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल में छात्र प्रतियोगिता से जाते हैं। वहां नवोदय विद्यालय भी हो सकता है। मैं इस सम्बन्ध में यह कहना चाहता हूं कि आप इन शिक्षार्थियों के लिये जो सुधार इन नवोदय विद्यालयों में करेंगे, उनके लिये जो हैंड-बुक तैयार करेंगे वह अंग्रेजी में ही करेंगे तो जो ग्रामीण इलाके के शिक्षक हैं वे उसको कैसे पढ़ेंगे जिसके आधार पर वह अपनी तैयारी कर सकें। आपकेपास राष्ट्रीय बेहतरी की कोई योजना नहीं है। इसलिये मैं चाहता हूं कि जैसे आप हिल अलाउन्स, कैपिटल अलाउन्स, सचिवालय अलाउन्स देते हैं उसी तरह अगर गांव में जाकर कोई पढ़ाये तो उनको भी विशेष अलाउन्स दिया जाना चाहिये। इस तरह का चिंतन प्राथमिक स्कूलों के लिये न हो तो इसमें हम सफल नहीं हो सकते। लेकिन आप प्राइमरी स्कूलों की बात नहीं करेंगे आप नवोदय विद्यालयों की बात करेंगे।

महोदय, मैं एक बात कहना चाहूंगा जिसका उल्लेख हमारे मित्रों ने भी किया है। भारतीय संस्कृति का आधार स्तम्भ जो संस्कृत है उसकी ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। संस्कृत सिर्फ संस्कृत का अक्षय भंडार ही नहीं है बल्कि भारतीय ज्ञान और विज्ञान का भी अक्षय भंडार है। मैंने एक आर्टिकल धर्मयुग में देखा था उसमें है कि हिंदुस्तान में हवाई जहाज दो मंजिला बनना था। जहाजों पर 30 रेफरस बुक्स हैं। हमारी इन पुस्तकों को पढ़कर चीन और जापान इतना आगे बढ़े हैं लेकिन हम उस भंडार को भूलते जा रहे हैं। आज हमारी इतनी क्षमता नहीं है कि जो हमारे अयुर्वेदिक पुस्तकें हैं उनका विश्लेषण करके आगे पढ़ सकें, रिसर्च की बात तो दूर रही। इसलिये मैं चाहता हूं कि नई शिक्षा नीति में संस्कृत को महत्व दिया जाना चाहिये। मुझे खेद है कि नई शिक्षा नीति में संस्कृत को उत्साहवर्द्धक स्थान नहीं दिया गया है। मैं मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि शास्त्री संस्कृत विद्यालय की सिल्वर जुबली जो पिछली बार मनाई है वहां पर इसके बारे में कुछ विचार प्रकट किये गये। वहां पर हमारे माननीय लोक सभा के अध्यक्ष श्री बलराम जाखड़ भी उपस्थित थे। वहां पर यह विचार प्रकट किया गया कि श्री राव मंत्री जी,

> "We are worried at the future this incomparable language, Sanskrit, the repository of India's culture and soul."

टाइम्स आफ इंडिया में छपा है कि लोक सभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ जो उपस्थित थे initiated by saying that

> "None can stop Dr. Rao from drawing up his scheme of financial-cum-academic incentive for encouraging school children in this regard."

वहीं पर हमारे माननीय लोक सभा के अध्यक्ष श्री बलराम जाखड़ ने अपने विचार प्रकट करते हुये कहा कि :

> "They have become the sentinels of the nation and the guardians of our culture and our soul."

जाखड़ साहब ने स्वयं जो इस कन्वेंशन में शामिल थे और जिन्होंने 824 लड़के और लड़कियों को डिग्रियां दीं उन्होंने यह कहा।

इसी तरह से आई० आई० टी० मद्रास के प्रोफेसर मतावला जी ने गत दिसम्बर में संस्कृत विद्वानों के सम्मेलन बगलौर में कहा कि :

> "Sanskrit might soon step into the high tech super computer era become the most suited in language to the highly technical super computer era which is being studied in the West indicating that its knowledge is imperative for a machine intelligence and for using the knowledge in engineering."

श्रीमन्, इस तरह से हम देखते हैं कि संस्कृत के बारे में छन-छन कर विचार आ रहे हैं। हमारे सदन के भूतपूर्व सदस्य श्री खुशवन्त सिंह जी ने भी लिखा है कि :

> "We have come round to the view that Sanskrit deserves to be revived because it was the mother of all our languages and would help in enriching them."

इसी तरह से हम देखते हैं कि वर्ल्ड में जो स्टडी, इन्टरनेशनल स्टडी है उसमें कहा गया है कि आगे आने वाली इक्कीसवीं सेंचुरी में जो कम्प्यूटर सिस्टम होगा उसके लिये वेस्ट के जो विद्वान हैं वे सोच रहे हैं कि अगर इसके लिये कोई भाषा हो सकती है तो वह संस्कृत ही हो सकती है। अपने देश के सबसे बड़े वकील नाना पालकीवाला ने इस के बारे में तीन मुद्दे उठाये हैं।

> "It will strengthen national unity which the political is never tired of exporting the people about It will reduce linguistic chauvinism. It will help in the growth of the regional languages."

एक और जोड़ता हूं—

The best suited to computer. इस प्रकार जब हम देखते हैं तो ऐसा लगता है कि दुनिया तो आगे बढ़ जाएगी। जिस तरह से मैक्समुलर ने संस्कृत में स्टडी करके जर्मनी को एक पीठ बना दिया जहां पर संस्कृति में पी०एच०डी० करने वालों को डिग्री मिलती थी तो कहीं ऐसा न हो कि दुनिया तो कम्प्यूटर कर ले जाए और हम पीछे रह जायें। इसलिये मैं चाहता हूं कि सरकार इस ओर ध्यान दे। संस्कृत की पाठशालाओं की हालत भी अच्छी नहीं है। इसलिये उनको सुधारना नितांत आवश्यक है।

श्रीमन्, नवोदय विद्यालय की बड़ी प्रशंसा की जा रही है। हमारे कांग्रेसी मित्रों की ओर से बड़ी प्रशंसा हो रही है मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि राष्ट्रीय रक्षा और राष्ट्रीय सम्पन्नता की मजबूती के लिये शिक्षा का स्थान होना चाहिये लेकिन नवोदय विद्यालय के बारे में जब विचार कर के देखते हैं तो लगता है कि यह कनफ्यूजन का भंडार है। यह गणेश बनाने का विचार आप का है। लेकिन गणेश बन पायेगा या बंदर बन पाएगा। अब मैं आप को उदाहरण देता हूं देश में 40 पब्लिक स्कूलों में कुलीन तैयार किये जाते हैं और इन 40 पब्लिक स्कूलों में 10 हजार परिवार में एक एक परिवार के लड़के पढ़ते हैं और अगर हमने इन नवोदय विद्यालयों को बना दिया तो 10 गुना विद्यार्थी और आयेंगे या एक सवा लाख विद्यार्थी और कुलीन बना दिये जायेंगे जिस पर सरकार 12 अरब रुपये सालाना खर्च करेगी। इस तरह से एक हजार में एक परिवार के बच्चे उस में पढ़ेंगे। यह जो बच्चे नवोदय विद्यालय में पढ़ेंगे गरीब आदमी जिसकी बात की जाती है क्या इन बच्चों के स्कूल से निकलने के बाद आई० आई०टी० या मेडीकल कालेज में उनका एडमिशन होगा, उनका नहीं होगा, फिर इनके लिये क्या व्यवस्था की जा सकती है? कुछ लोगों को कुलीन बनाने की बात शिक्षा पद्धति में है। ब्राजील ने इसमें बहुत बुरा अनुभव लिया है। ब्राजील ने इस शिक्षा के द्वारा तानाशाह पैदा किया और वह बुरी तरह से जकड़ा गया। लगता है कि आप भी उसी शिक्षा पद्धति पर आगे बढ़ रहे हैं। मैं आप से पूंछना चाहता हूं कि पहले अंग्रेजों ने हर जिले में एक जिला स्कूल का निर्माण किया था, किस के लिये किया था? उसमें भी कोई रोक नहीं थी दूसरों के लड़के नहीं पढ़ें लेकिन उनमें पढ़ने वालों में ज्यादा लड़के अफसरों के होते थे सरकारी अफसरों के ही लड़के उसमें पढ़ा करते थे। दूसरे भी पढ़ लेते थे लेकिन जब इन नवोदय विद्यालयों में भी ऐसा ही होगा। पहले तो सरकारी अफसर कम होते थे लेकिन आज आई०ए०एस०

[श्री जगदम्बी प्रसाद यादव]

अफसरों की संख्या बहुत बढ़ गई है उनको अकोमोडेट करने के लिये यह नवोदय विद्यालय खोले गये हैं, मैं ऐसा समझता हूं कि यह नौकरशाही के लिये उसमें एक आवरण डाल कर बनाया जा रहा हैं। शिक्षा जगत की नयी तथा परम्परागत समस्याओं का रूप क्या होगा और इसका हल क्या निकलेगा, पढ़ाई का स्तर कैसे सुधरेगा, प्रवेश के लिये जो समुद्र की तरह से उमड़ता हुआ छात्रों का समूह है उसकी क्या हालत होगी, माडर्न स्कूलों का क्या रूप होगा, 6 से 9 वर्ष के बच्चों की प्रवेश की क्या हालत होगी इन सवालों का जवाब अगर सरकार दे सके तो ठीक है अन्यथा नहीं। (समय की घंटी) श्रीमन्, मैं दो बातों का और स्पष्टीकरण चाहता हूं। भारतवर्ष जब से आजाद हुआ हैं यह ईसाई मिशनरियों के स्कूलों की भरमार अंग्रेजी शिक्षा के माध्यम से होती जा रही हैं और सरकार इनको रोकने के बदले अल्पसंख्यक के नाम पर छूट देती गई। दिल्ली में फ्रेंक एंथनी पब्लिक स्कूल जहां अध्यापकों के साथ लगातार ज्यादतियां की जा रही हैं वेतन के मामले में, सेवा के मामले में लाख कहने पर भी उन्होंने कहा कि हमारे स्कूल के कानून में भारत सरकार का कानून ठीक नहीं हैं। वह हाई कोर्ट गये वहां से डिक्री मिली छः महीने हो गये हैं नवम्बर में उनको फैसला मिला लेकिन आज तक लागू नहीं किया गया और सरकार को हमारे यहां पर माननीय सदस्यों ने लिखा भी है तब भी कोई हिसाब नहीं है। वही हालत केन्द्रीय विद्यालय संगठन में है, केंद्रीय विद्यालयों में हैं। मन्त्रालय कहता हैं कि असिस्टेंट कमिश्नर लीगल कोआर्डिनेशन होगा और कमिश्नर बहाल करता है असिस्टेंट कमिश्नर एडमिनिस्ट्रेशन और नियुक्त भी करता है वह जो इसकी योग्यता को नहीं रखता, वह करता है, लिखा पढ़ी करने के बाद भी नहीं। आज सचमुच में केन्द्र विद्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा है। महालेखा निरीक्षक ने लाखों रूपये का गोलमाल बताया है। अन्दर हैं डीलिंग होती है और ट्रांसफर एपाइंटमेंट में तो शायद बिना पैसे के होता ही नहीं हैं। मैं एक प्रश्न और रखना चाहता हूं। मैंने बत सत्र में एक सवाल किया था आशुलिपिक हिंदी की तकनीक पर, उस तकनीक पर आपने जवाब दिया कि राजभाषा विभाग से मिल करके इसको ठीक किया जा रहा है। चार वर्ष से विचार चल रहा है आज भी इस विषय को ठीक नहीं किया जा रहा है। एक बात और कह कर मैं अपनी बात समाप्त करना चाहता हूं कि संस्कृति की बात तभी चल सकती है जब उस संस्कृति का वाहन अपनी राष्ट्रभाषा हो, मैं हिन्दी की बात नहीं कहता हूं जितनी राष्ट्रीय भाषाएं हैं वे सभी संस्कृति की वाहन हैं लेकिन जिस संस्कृति का वाहन अंग्रेजी भाषा हो जिसमें "राम" को "रामा" बोले आदमी तो क्या होगा। "रामा" का अर्थ "रामा" नहीं है, राम रमापति है, कृष्ण को कृष्णा बोले, कृष्ण कृष्ण है, कृष्ण दूसरा है। जैसे हमारे माननीय उपसभापति जी ने मंगल का ट्यूजडे बताया लेकिन कृष्ण का कृष्ना और राम का रामा का क्या जवाब होगा। भारतीय संस्कृति के जो बड़े भारी विद्वान और सांस्कृतिज्ञ कहे जाते हैं वे अमेरिका के महोत्सव में शिव को कामी साधु कहते हैं, इतनी हिमाकत उनकी हो सकती है जबकि देश में कंकर कंकर में शिव का वास माना जाता है और जिस देश के हर चुनाव में श्रीमती इंदिरा गांधी काशी विश्वनाथ की पूजा करके आगे बढ़ती थीं और राजीव जी ने भी शायद ऐसा किया होगा लेकिन उस शंकर की वहां कामी के रूप में पूजा की है। तो इस संस्कृतिक महोत्सव में नाच और गान करना क्या भारतीय संस्कृति है? इसलिये माननीय मंत्री महोदय मैं यह जानना चाहता हूं कि आज राजभाषा की क्या स्थिति है। आज मैं एक और विचार आपके सामने रखना चाहता हूं कि आज भाषा के विकास के लिये कम्प्यूटर, टेलीप्रिन्टर और टेलेक्स अति आवश्यक हैं लेकिन इस देश में कम्प्यूटर का श्रीगणेश किसने कराया। आज इंग्लैंड ने हमें मुफ्त कम्प्यूटर भेजा और यह कहते हुये भेजा कि इस कम्प्यूटर से अंग्रेजी का वर्चस्व हिंदुस्तान में बना रहेगा और अंग्रेजों का व्यापार भी चलता रहेगा। हमने उसको स्वीकार किया। आज हम अपने लड़कों को अंग्रेजी कम्प्यूटर में प्रशिक्षित कर रहे हैं। हम कहते हैं कम्प्यूटर हिन्दी विभाग में हो। कम्प्यूटर द्विभाषी

हों, टेलेक्स द्विभाषी हो, टेलीप्रिंटर भी द्विभाषी हों। मैं कहना चाहता हूं कि टेलीप्रिंटर देवनागरी का कब का निकल चुका है लेकिन आज किसी भी मंत्री के घर पर, सचिव के घर पर हिंदी टेलीप्रिंटर नहीं है, कौन व्यवहार करेगा इसको। इसलिये आज आवश्यक है ...समय की घंटी) कि अगर राजभाषा को आगे रखना चाहते हैं, अपनी संस्कृति, अपनी पहचान को देश विदेश में बनाना चाहते हैं तो हमें इन भाषाओं में ही टेलेक्स, कंप्यूटर का सहयोग लेना होगा, इस का प्रयोग करना होगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं धन्यवाद ज्ञापन करते हुये अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI VISHVJIT PRITHVIJIT SINGH (Maharashtra): Mr. Vice-Chaidam, Sir, I would first of all like to apologise that I was not here in the first part of the afternoon. I had gone to the Finance Ministry to have a briefing on a few points I raised earlier while speaking on the Appropriation Bill. (*Interruptions*).

आप चाहते हैं कि मैं हिन्दी में बोलूं। मैं हिन्दी में बोल लेता हूं मुझे क्या फर्क है। (व्यवधान) मैं किसी भारतीय भाषा में बोलूं, मैं मराठी में बोल लेता हूं। मैं उस भारतीय भाषा में बोलूंगा जो हमारे कांस्टीट्यूशन में है, जो कि अंग्रेजी है चलिए. (व्यवधान)

It is under the Constitution. It is very much so. (*Interruption*) I can speak in Hindi.

मैंने सीतापुर का दूध पिया है, मैं वहां रहा हूं, पला हूं, वहां मेरा पालन पोषण हुआ है सीतापुर का, लखनऊ के करीब का रहने वाला हूं मैं बिल्कुल हिन्दी में बोल सकता हूं परन्तु आज अंग्रेजी में शुरुआत की है और अंग्रेजी में ही बोलूंगा कभी और हिन्दी में बोलूंगा जब आप चाहेंगे।

Sir, they are interrupting me. Please control them.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. BAPU KALDATE): Control whom?

SHRI VISHVJIT PRITHVIJIT SINGH: Sir, I am going to speak very briefly. I had raised at the time of the Appropriation Bill certain issues. I think this was of the 18th August last year but I do not remember the exact date. I had raised certain issues regarding the Department of Culture. And, one of the main issues I had raised was the question of tax exemptions to institutions. I had urged upon the Hon. Minister to kindly raise these problems with the Ministry of Finance and see to it that in the present Finance Bill there would be certain changes vis-a-vis Culture so that we get appropriate representation. The problem is that at the present moment under section 35(1)(3) of the Finance Act, 130 per cent exemption is allowed for scientific research. and for cultural research for example, the archaelogical survey laboratories which we have for other kinds of museum conservation etc. the exemption allowed is only 50 per cent. In other words when a private individual contributes from his income or a company contributes from its income Rs. 100, the Government give exemption of Rs. 130 for purposes of science and for purposes of culture of course laboratories etc., it would give an exemption of Rs. 50 only. Now, this acts as a distinctive and we have found that the in-house laboratories of major industrial houses, because they are the ones which can contribute money like *sarmayadars* and *maharajas*, they give it to their own laboratories which they have for doing research in this. I had said that we should also upgrade the contributions to culture and make them also 130 per cent because that is the only way we could get laboratories or museums etc. etc. the repositories of our culture, of our knowledge survive and the only way they could survive was through public donations. But unfortunately, for a long time nothing was done. But, now I am glad to see that the Chairman, CBDT, has agreed to this and the suggestion came of course, from the Department of Culture, but the Chairman, CBDT, has agreed and said that he is going to allow a uniform 100 per cent. Now in this uniform 100 per cent, the wording, I believe is that all institutions, scientific, educational and cultural and the operative clause is

[Shri Vishvjit Prithvijit Singh]

of 'national importance', all educational, scientific and cultural institutions of national importance, will qualify for receiving this 100 per cent exemption, under a new section which is to be introduced in the Finance Act. Now the problem which comes here is that this definition is a very loose definition. What is going to be the criteria, I would like to know, from the Hon. Minister, what is going to be the criteria which is going to determine, which is going to establish, who are the individuals, which is the body which is going to establish this criteria, which is going to determine this criteria, as to which institution is of national importance.

Now, according to me and this is my humble suggestion to the Hon. Minister through your auspices, Mr. Vice-Chairman, Sir, that eminent persons from different fields of science, education, culture, eminent people of national and international repute, they must be on these committees. They are the ones who should decide. They are the ones who should be the arbiters of deciding this criteria which is going to be applied to all future situations.

I have only one proviso to make on this. We find that the functioning of Government, as has been pointed out by Members on that side, as well as members on this side Prof. Ratnakar Pandey had pointed out, and I think earlier some friends from here had also pointed out that the problem with the Government is that even though the Government takes very good decisions, it takes a very very long time to implement them and it takes its own sweet time and we find that with the best of intentions they finally go haywire. I would, therefore, like to say about the delay. As they say about the courts, justice delayed is justice denied, here is an institution which is fully worthy and which is fully capable of getting the exemption but if it does not get this exemption for many years, it suffers. Therefore, I would like the hon. Minister to assure the House that there is going to be some kind of a time limit. There ought to be a time limit, built in that within such period of time, any application put forward by any individual recommending any institution for such an exemption, which will go to that panel of eminent individual to fix the criterion, will be decided within a period of six months or one year. Let a definite period be given that within that time, the entire investigation will be done and a decision will be taken. And once such exemption is available, it is very important for the Government to get money even for its legitimate work for these institutions like the National Archives, like the National Museum, like the National Library in Calcutta. Now, all these institutions have become too big a structure, too much centralised. These have got to be decentralised. We have got to have separate structure for these big institutions. I would urge upon the Minister to consider it carefully so that we have a separate structure for the major institutions in the country so that they are, in a way, an independent authority and get independent funding. Let them not function as Departments of the Government of India. Let them function as separate entity, live and not dead.

The other problem is that individuals and institutions who have contributed to the fields of part, culture,, education, science, etc., are localised -- many of them -- in a particular area. I can give many examples. There are individuals also who have done a lot of work in these fields but they cannot come within the criterion of 'national importance'. Because they do not come under this criterion, they will not qualify for getting grants etc. In any case, an individual does not qualify. Now, I can give four examples of the institutions. Let us take Raja Kelkar Museum in Pune, then Jagdish Mittal Museum, in Hyderabad, Raza Library in Rampur, Ashutosh Library in Calcutta. None of these can qualify under this category for an exemption. I can give you names of individuals who have done a lot of work in these fields and if they had more money, they could still do a lot more. Take a person like Satyajit Ray, Mrs. Subbalakshmi. They could find colleges, teaching people so much. They have acquired so much knowledge. They are the repositories of our culture.

And now I would like to quote a small 'doha' in Hindi and that is about knowledge. These individuals are the repositories of knowledge which has to be disseminated; it must come out. And the *doha* is

"सरस्वती के भंडार की बड़ी अनोखी बात,
ज्यों खर्चे त्यों-त्यों बढ़े, बिन खर्चे घट जाए।"

तो मेरा यह कहना है कि यह जो सरस्वती का भंडार है जो कि इन व्यक्तियों में भरा हुआ है, जैसे कि सत्यजीत रे हैं, सुब्बा लक्ष्मी हैं, आर्टिस्ट हैं भूपेन कक्कड़, अमृता प्रीतम हैं हमारे यहां हाउस में, सदन की मैंबर हैं, सांसद हैं उनको भी आप देखिये। अगर वह चाहें कि वह लोगों को कुछ सिखाएं तो वह सिखा नहीं सकती। उनके पास पैसा नहीं होता यहां हाउस में आने के लिये यह उनकी हालत है। पंजाबी की छोटी सी मैगजीन "नागमणी" पंजाबी में यह एक रिसाला निकलती है उसमें वह कविता लिखती हैं और लोगों की कविता उसमें छापती हैं। उस रिसाले से अपना थोड़ा सा गुजारा चला देती हैं। अब आप देखिये ऐसे व्यक्ति को यदि उनको हम अपनी तरफ से कुछ धनराशि दे सकें तो वह क्या कुछ न करती? यहां हिन्दुस्तान में एक परिवर्तन आ जाए।

5.00 P. M.

As I have pointed out, this money is not available either to these institutions or to these individuals. And the only way to do it -- I would like to make a suggestion here to the hon. Minister is that the Government should set up a separate structure. The Government should set up a separate structure because now the exemption can come and the Government will be able to do it. There should be a separate structure called the National Endowment for Art and Culture. I think, the Government is already thinking on these lines. It has not yet decided but it is coming in various forms. I would say that it is very important to set up such a structure. Even countries in the world which are substantially more developed than us have this sort of thing. Therefore, I would suggest that we should set up a National Endowment for Art and Culture which will provide the patronage on a case by case basis, on a project by project basis for individuals. If Mr. Satyajit Ray wants to set up an endowment for a particular purpose, or he wants to hold a seminar for a particular purpose, he can do it. If Shrimati Amrita Pritam wants to start a school or she wants to have a workshop, on poetry, in the Himalayas, let her do it. If Mr. Bhupen Kakkar wants to have a workshop on art, let him to do it. Or, if the Raja Kelkar Museum wants to open its doors for a particular kind of exercise, let them do it. For such things, money should be made available to them and money can only be made available if there is an endowment fund for art and culture. This can be funded, 50 per cent by the Central Government and the remaining 50 per cent by the private individuals, like industrialists etc. Exemption can be given for this. This would be a great impetus. Sir, culture has taken a full circle today. We find that the earlier system of patronage of culture is all gone now. The Maharajas in the past used to patronise. But they used to do it only in a very selfish way. They used to patronise culture for their own benefit. They used to make ustads and others sing and dance before themselves, in front of them. But it is all finished now. Today, they do it for the public. They have to be patronised through the Government. The public do not have a voice. It is only we, who are the representatives of the people, who can help in this. We can make the Government patronise these people. The have to be patronised not just on an institutional level, not just on an individual level. They can only be patronised through the National Endowment Fund for Art and Culture and this is my earnest suggestion to the hon. Minister.

One more thing about culture. I find that there are different departments of culture in the Government of India. You go to any Ministry, Mr. Vice-Chairman, you find that they have a cultural cell. You come with me to the Tourism Ministry, you find that they have a cultural

[Shri Vishvjit Prithvijit Singh]

cell. In the Information and Broadcasting Ministry, they have a cultural cell. In the Commerce Ministry, they have a cultural cell.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. BAPU KALDATE): Commercial culture.

SHRI VISHVJIT PRITHVIJIT SINGH: If I am not wrong, even in the Defence Ministry, they have a cultural cell. (*Interruption*) The question is, why can's we centralise this. We cannot allow these different departments to function independently for each other, without one knowing what the other is doing. Sometimes, they may be doing contradictory things. Mr. Vice-Chairman, please do not keep your hand on the bell. My suggestion is that they must come under a new kind of structure and through this structure, money would be made available. So much for culture.

I have one more thing to say. This is in the field of education-cum-culture. Everybody now talks about national integration. All kinds of rhetorics are made inside the House, outside and everywhere. When I speak in English, my friend takes objection. When Thakur Pandey speaks in Hindi, Mr. Gopalsamy takes objection. Now, the problem is, we have not integrated ourselves. Why have we not integrated ourselves? I find it shameful that when national awards are announced every year, for literature, the Jnan Pith awads, if I am not wrong, the books which get the awards in the different national languages have to be first translated into English or Hindi and then into the other languages For example, if there is a book in Oriya which has won the award, it has to be translated into all the fourteen languages for distribution. It is first translated into Hindi and then into Punjabi and other national languages for dissemination. There are no scholars available here who can do direct translation from one Indian language to another. It is most amazing, even after forty years of independence, it is a shameful thing. we have not been able to establish Chairs in Universities. At least one university in every State ought to be identified where there are Chairs in all the Indian languages so that the people, who occupy those Chairs, would have a vested interest in themselves to propagate those languages in those States. Do not forget, Mr. Vice-Chairman, that we have commonality of culture, especially after independence, if you read the different literature coming out of different parts of the country. Because of commonality of experience, because of commonality of spiritual endeavour,, especially in the post-freedom period we find that similar kind of literature is coming out from different parts of the country. This form of the short story, the major form of which is produced by independent India, is very important. Whether it is in Bengali, Punjabi, Hindi, Oriya, Telugu, Kannada, Assamese or in any language, the short story has a universal form and the themes in every language are the same, the experiences are the same. Just imagine the understanding. If there is a feeling of empathy plus a feeling of sympathy, there could be no difference between me and the other person who is living a thousand miles away. We share the same feelings. We are one. That has been the strength of Europe. The strength of Europe has been because it is multilingual, multi-racial, where everybody is aware of the other, where people speak a variety of languages. Why can't we have that in India?

SHRI V. GOPALSAMY (Tamil Nadu): Are you comparing India with Europe?

SHRI VISHVJIT PRITHVIJIT SINGH: No, I am not. India is far better than Europe. No. no, India is India (*Interruptions*). I know what you are trying to say. You know nothing of the sort. So, I would urge upon the hon. Minister to kindly pay heed to this. It is yet not too late. Kindly take heed. Let us have at least one university identified in every State which shall have Chairs for all the official languages of India whereby we can understand each other, where national integration can actually take place and the dreams of the founders of the nation can finally be realized.

श्री राम नरेश कुशवाहा (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, संस्कृत में कहा गया है--

मानवेक्, ववस्वेत, कर्मण्येकं महात्मनाम ।
मानस्यन्यं, ववस्यन्यं, कर्मण्यन्यें दुरात्मनाम ।।

मान्यवर, मैं यह आशा करता हूं कि इस सरकार का आचरण महात्मा की भांति होगा। लेकिन अब तक का इसका इतिहास दुरात्मा की तरफ जा रहा है। इन्होंने सब अर्थ बदल दिया। अब शिक्षा का नाम मानव संसाधन हो गया। हम लोग माल हो गये। बजाए मानव के हम माल हो गये। साधन हो गये जब कि यह साध्य है और शिक्षा साधन है।

मान्यवर इन्होंने और भी अर्थ बदले हैं। लेकिन मैं सबका जिक्र नहीं करूंगा। एक ही उदाहरण दूंगा जैसे लोकतन्त्र का ही अर्थ अपने बदल दिया। अब्राहम लिंकन ने लोकतन्त्र की परिभाषा दी है--

For the people, of the people, by the people.

इन्होंने For का कर दिया Far दि पीपल, आफ का off कर दिया, और By दि पीपल का कर दिया buy दि पीपल। ...

श्रीमती कृष्णा साही : यह आपकी परिभाषा हो सकती है।

श्री राम नरेश कुशवाहा : हम केवल कह रहे हैं, आपने तो यह कर दिया है। मान्यवर, वर्तमान शिक्षा प्रणाली अंग्रेजी माध्यम को मैकाले ने शुरू किया था क्लर्क पैदा करने के लिये। आज हमारे विद्यालय यूनिवर्सिटीज, कालिजेज तीन चीजें पैदा कर रहे हैं। तीन चीजों के कारखाने बन रहे हैं--गुलाम बनाने के, बेकार बनाने के और बेईमान बनाने के। स्कूल और कालेज में पैर नहीं रखा कि सबसे पहले गुलामी मन में आती है। यानी नौकरी करने के लिये पढ़ रहे हैं। पढ़ लिया तो सबसे पहले जहां गुलामी नौकरी की है तो नौकरी के पहले ही सबसे पहले यह सवाल खड़ा होता है कि ऊपर की आमदनी कितनी है। अगर यह नहीं मिला तो फिर बेकार बने रहे। माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि इस मानसिकता को बदलने का आपके पास क्या उपाय है। आज हमारी मानसिकता इतनी बिगड़ गयी है कि हम इतने गुलाम हो गये हैं कि किसी भी यूनिवर्सिटी का वाइस चांसलर धोती-कुर्ता पहनने वाला सैकिण्ड क्लास के डिब्बे में खड़ा रहता है तो कोई उसको बैठने के लिये नहीं कहेगा। सुबह मार्तण्ड पैंट पतलून पहन कर स्टेशन पर चला जायेगा तो उससे सब कहेंगे कि बबुआ कब तक खड़ा रहेगा, बैठा जाओ न। सारी दुनिया के लोग मानते हैं, जानते हैं कि हिन्दुस्तान के धोती-कुर्ता पहनने वाले लोग हमारी संस्कृति पर लट्टू हैं। मेरा अनुभव है। विदेश में एक बार हम लोग गये थे। मनोरमा पाण्डे साड़ी पहने हुयीं थीं और मैं धोती-कुर्ता पहने हुए था। प्रोटोकोल आफिसर ने हम को पकड़ लिया। पतलून वाले नेता जो हमारे साथ थे वे आगे निकल गये थे। हम को उनको बताना पड़ा कि हमारे नेता आगे चले गये आप हमारे साथ चलें ...

श्रीमती कृष्णा साही : आज तक तो ऐसा हुआ नहीं।

श्री राम नरेश कुशवाहा : विदेश में भारतीय वेशभूषा को जानते हैं।

SHRI V. GOPALSAMY : This building was built by the British. Will you discard it?

THE VICE-CHAIRMAN (DR. BAPU KALDATE): Let him say what he has to say.

श्री राम नरेश कुशवाहा : आज 40 वर्ष, के बाद भी देश के सभी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा नहीं मिली । क्या माननीय मंत्री जी यह बताने की कृपा करेंगे कि कितने दिनों में इसकी व्यवस्था करेंगे ? भाषा का सवाल खड़ा हो जाता है तो मैं आप से कहना चाहता हूं कि विश्वजीत सिंह के साथ अपने को जोड़ रहा हूं । आज भी तमिलनाडु को समझने के लिये अंग्रेजी में बात करने की जरूरत है । पंजाबी, गुजराती, मराठी, तमिल तलगू आदि भाषाओं को उत्तर भारत में हिन्दी प्रदेशों में नहीं पढ़ा जाता ।

SHRI V. GOPALSAMY: Can we use Tamil in U.P. and Bihar?

THE VICE-CHAIRMAN (DR. BAPU KALDATE): Unfortunately, you did not follow him.

श्री राम नरेश कुशवाहा : अरे भाई वही तो मैं कह रहा हूं ।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. BAPU KALDATE): Mr. Gopalsamy, you did not follow him.

श्री राम नरेश कुशवाहा : मान्यवर, उत्तर भारत में जो हिन्दी प्रदेश हैं इन्होंने इतनी बड़ी बेइमानी की है कि इसका फल आज यह हो रहा है हिंदुस्तान टुकड़े-टुकड़े होने के कगार पर खड़ा है । त्रिभाषा सूत्र को ईमानदारी से इन्होंने लागू नहीं किया और बड़ी बाधा खड़ी करने के लिये त्रिभाषा सूत्र में संस्कृत को रख दिया । संस्कृत हमारी भाषा है । हमारी धर्म भाषा है, देश की भाषा है, पुरानी भाषा है । लेकिन अब वह शास्त्रीय भाषा बन गयी है । त्रिभाषा सूत्र में संस्कृत को जोड़ने का नतीजा यह हुआ कि कोई भी हिन्दी प्रदेश की सरकार दूसरी भारतीय भाषाओं को पढ़ाने के लिये अध्यापक बुलाने के बजाय सस्ते में संस्कृत अध्यापक रख लेती हैं । सरकार कहती है कि त्रिभाषा फार्मूला देश की एकता के लिये बनाया गया है । मैं आप से कहता हूं कि आप संस्कृत के अध्यापकों को पेंशन दीजिए । उनके स्थान पर तमिल, तेलगु, मलायलम, गुजराती और मराठी और बंगाली के अध्यापक रखिये । इससे क्या फर्क पड़ता है । अगर आप हिन्दी को सारे देश में चलाना चाहते हैं तो आप को यह करना पड़ेगा । जब हम हिन्दी की बात करते हैं तो श्री गोपालसामी नाराज हो जाते हैं । मैं कहना चाहता हूं कि श्री रामास्वामी नायकर को आपने तमिलनाडु की जेल में क्यों बंद कर रखा है ? उनसे आप शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं । अगर तमिल को उत्तर भारत में चलायेंगे तो तमिलनाडु में भी हिन्दी चलेगी और ये तमिल लोग दिल्ली में भी राज कर सकते हैं । अभी तो ये केवल तमिलनाडु में सीमित हैं ।

SHRI V. GOPALSAMY: We don't need it.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. BAPU KALDAE): He is requesting you to come over here.

SHRI V. GOPALSAMY: It is a graveyard of many empires.

श्री राम नरेश कुशवाहा : मान्यवर, हम लो जब छोटे थे तो आजादी की लड़ई लड़ी जा रही थी । उस वक्त गोरखपुर और देवरिया जिसेले एक थे । उस जिले में केवल एक अंग्रेजी माध्यम का स्कूल था लेकिन आज हालत यह है कि अगर कोई पांच हजार की आबादी है तो वहां पर अंग्रेजी का स्कूल बन गया है । इससे पता चलता है कि आपने इस देश में कितनी राष्ट्रीय एकता बनाई है ? आपने बजाय हिन्दी और भारतीय भाषाओं को प्रोत्साहन देने के आप अंग्रेजी की तरफ गये हैं । हमारे देश में अंग्रेजी की गुलामी बढ़ती गई है । स्थिति यह है कि जो छात्र हिन्दी के माध्यम से कानून की पढ़ाई करते है उनको दिल्ली की ओर काउंसिल और सुप्रीम कोर्ट की बार काउंसिल वकालत

करने की इजाजत नहीं देता है । उन्होंने यह शर्त रखी हुई है कि अगर कोई हिन्दी के माध्यम से वकालत पास है तो उसको अंग्रेजी की परीक्षा देनी पड़ेगी । हिन्दुस्तान की आजादी के 40 वर्षों के बाद भी यह हो रहा है । कौन इस कानून को बदलेगा । 40 वर्ष के बाद भी आप हिन्दुस्तान की भाषा को स्वीकार नहीं करते हैं एक तरफ तो यह स्थिति है और दूसरी तरफ स्कूलों में टाट-पटटी भी नहीं होती है । एक तरफ तो एक लड़का बोरा और अपना बस्ता लेकर स्कूल जाता है और दूसरी तरफ एक लड़का कार में जाता है, टिफन कैरियर लेकर जाता है कुर्सी में बैठता है। टाट और बोरे पर बैठने वाला लड़का जिन्दगी भर बोरा और टाट ही ढोता रहता है और जो कुर्सी पर बैठता है वह भविष्य में कुर्सी में बैठ जाता है। यह स्थिति हमारे देश में चल रही है। यह स्थिति कब तक जारी रहेगी ? इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि जब तक इस देश में समान शिक्षा नहीं होगी जब तक इस देश में मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा नहीं दी जाएगी, तब तक यहां पर समाजवाद नहीं आ सकता है । आप आपरेशन ब्लैक बोर्ड चला रहे हैं । लेकिन जब स्कूलों में ब्लैक बोर्ड नहीं होगा तो आपरेशन ब्लैक क्या चलाएंगे । आपका यह अभियान आपरेशन आफ ब्लैक बोर्ड हो जाएगा । जब हमारे देश में स्कूलों के भवन नहीं हैं उनकी छतें नहीं हैं, अध्यापक नहीं हैं तो वहां आपरेशन ब्लैक बोर्ड अभियान क्या चलेगा ?

तो आपको स्कूलों से मतलब नहीं है। आप आपरेशन ब्लैक बोर्ड चलायेंगे, टी० वी० से शिक्षा देंगे । लेकिन आप टी० वी० कहां लगायेंगे, पेड़ में । क्या आप किसी पेड़ में टी० वी० लगाकर शिक्षा देंगे ? आप उनको टी० वी० की जगह पर उनके घरों में टी० वी० जरूर देंगे । जिन घरों मे टी० वी० है, मैं तो जानता नहीं मेरे घर में टी० वी० नहीं है लेकिन सुना है इससे बच्चों की आंख खराब हो जाती है। अगर यह सही है तो टी० वी० के बजाय आप अंधेपन का रोग इन घरों में पैदा करेंगे । ऐसी टी० वी० संस्कृति आप देश में ला रहे हैं । हमारे डा० रूद्र प्रताप सिंह जी मौजूद नहीं हैं लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि क्या दून स्कूल का डिस्को डांस करके इस देश में भारतीय संस्कृति की रक्षा होगी । मान्यवर जब हम लोग आजादी की लड़ाई लड़ते थे तो कहते थे कि :

"कुतुबखाना बरेली पर किया कब्जा तो क्या गम है,

इरादा है कि लन्दन पर भी कब्जा करके छोड़ेंगे ।"

आजादी मिल गई और मैं अध्यापक बन गया । उसके बाद लड़के गाने लगे कि "हवा में उड़ता जाये मेरा लाल दुपटटा मलमल का ।" 1984 में एक नेता उतरे इलाहाबाद में तो लड़कियों ने उनके सम्मान में अपना दुपटटा बिछा दिया ।

श्रीमती कृष्णा साही : आपको इसमें ईर्ष्या क्यों हो रही है अगर वे दुपटटा बिछाती है ।

श्री राम नरेश कुशवाहा : आप बिछवाइये, यह आपको मुबारक हो । आजादी की लड़ाई में हम गाते है कि कुतुबखाना बरेली

पर किया कब्जा तो क्या गम है, इरादा है कि लंदन पर भी कब्जा करके छोड़ेंगे। लेकिन आजादी के तुरन्त बाद हमारे युवक गाने लगे कि "हवा में उड़ता जाये मेरा लाल दुपट्टा मलमल का" और जब मि० क्लीन आ गये तो कहने लगे कि "पग पग पर बिछता जाये मेरा लाल दुपट्टा मलमल का, मेरा लाल दुपट्टा मलमल का।" मैं आप से कहना चाहता हूं कि इस देश की जनता आप से जवाब मांगेगी। हिन्दुस्तान जैसे देश में जहां अगर 60 वर्ष की औरत के मां-बाप जिन्दा हैं नैहर जाये और उसका पति अगर वहां पहुंच जाए तो वह अपने पति से बात करना पसन्द नहीं करती वहां आप लोग दूसरे मर्द के पैरों के नीचे लड़कियों का दुपट्टा बिछाएंगे? क्या इस तरह से आप भारतीय संस्कृति की रक्षा करना चाहते हैं? असम्भव। इसका आपको जवाब देना पड़ेगा। (समय की घंटी)

उपसभाध्यक्ष (डा० बापू कालदाते): राम नरेश जी अब समाप्त कीजिये।

श्री राम नरेश कुशवाह: थोड़ा समय दीजिये।

उपसभाध्यक्ष (डा० बापू कालदाते): थोड़ा तो दे चुका हूं।

श्री राम नरेश कुशवाहा: मान्यवर, मैं आप से कहना चाहता हूं कि कैसी शिक्षा नीति आप बना रहे हैं? हम भी गार्जियन हैं, संरक्षक हैं, बाप हैं एक लड़के के। यहां क्या होता है बाप पढ़ता है और बेटा पास हो जाता है और ये लोग मैरिट पर यूनिवर्सिटी और कालेजों से पास होते हैं और ये प्रोफेसर बनते हैं। आप कम्प्यूटर दे रहे हैं इसलिये दिमाग की जरूरत नहीं। हम लोग जब छोटे थे और पढ़ते थे तो हम महाजनी ही पढ़ते थे, मां-बाप चाहते थे कि थोड़ा हिसाब-किताब भी समझ लेगा, महाजनी समझ लेगा तमाम गुर सिखाये जाते थे। उस समय पंत, कंत, संत तक दाम लगाकर सुनार हिसाब लगा लेते थे। लेकिन आज आप किसी भी दुकान पर जाइये वहां पर कैलकुलेटर लेकर बैठे हैं और उससे दाम लगा लेते हैं। अगर कम्प्यूटर फेल हो गया तो कौन दाम बतायेगा? आप कम्प्यूटर बना रहे हैं ठीक है। जहां जरूरी है वहां पर आप अवश्य कम्प्यूटर लगाइये। लेकिन अगर यह कम्प्यूटर खराब हो गया तो फिर क्या करेंगे। हर जगह आप कम्प्यूटर लगाइये लेकिन जो ईश्वर प्रदत्त कम्प्यूटर है, उस कम्प्यूटर को बनाने वाले जो दिमाग हैं अगर उनको आप निष्क्रिय बना देंगे तो फिर इस देश का क्या होगा। सुना है कि जो आपका सुपर कम्प्यूटर है बहुत से लूपहोल्स हैं वह दुरतफा सूचना देता है। अगर उसने आपको कोई सूचना दी है तो वह आपके दुश्मन को भी वह सूचना दे सकता है अगर वहां से भर कर वह आ गया तो। मैं कोई वैज्ञानिक नहीं हूं या सुपर कम्प्यूटर इंजीनियर नहीं हूं। लेकिन कुछ लोगों ने बताया जो थोड़ी कम्प्यूटर के बारे में जानकारी रखते हैं। एक आदमी ने मुझे बताया कि यह सही है कि वह दोनों ओर सूचनायें दे सकता है। आप मंगा लीजिये विदेशों से और वहीं से कोई पुर्जा आदि उन्होंने उसमें लगा दिया तो वह आपको भी सूचना देगा और वहां भी सूचना भेज देगा। आप घर बैठे ही विदेशी खुफिया एजेंसी यहां पर लगाते जायेंगे। मेरा आपसे नम्र निवेदन है कि शिक्षा की दुर्गति मत कीजिएआप शिक्षा को शिक्षा की तरह रहने दीजिये इसको माल न बनाइये इसको मानव निर्माण करने का साधन बनाइये। मान्यवर, वह क्या होता है जो बाल फैंका जाता है (व्यवधान) हां, उसको क्रिकेट कहते हैं। हम गुल्ली डंडे वाले क्या जानें लेकिन आज जरा यह बताइये कि यदि भारतीय संस्कृति की रक्षा करने के लिये आप जिम्मेदार हैं तो कितनी गुल्ली डंडे की प्रतियोगिताओं का आपने आयोजन किया, कितनी कबड्डी की प्रतियोगिताओं का आपने आयोजन किया है, कितने भारतीय खेलों का आपने आयोजन किया है, आप मुझे बतलाइये (व्यवधान)

श्रीमती कृष्णा साही: आप आइये हम बतलायेंगे।

श्री राम नरेश कुशवाहा: अब आप अपना भारत, सुपना भारत, पता नहीं क्या-क्या दिखा रही है, मैं आपको मुबारकबाद देता हूं (व्यवधान) वह तो आने वाला

नहीं है लेकिन भारतीय संस्कृति है या नहीं, भारतीय संस्कृति में भारतीयता है या नहीं (व्यवधान)

श्री हयातुल्ला अन्सारी (नामनिर्देशित): भारतीय संस्कृति में माइक है जिसमें आप बोल रहे है (व्यवधान)

श्री राम नरेश कुशवाहा : मान्यवर, मैं अब क्या कहूं इसको भोजपुरी में कहते हैं कठहुज्जत, हमारी मंत्री जी समझती है इसको (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (डा० बापू कालदाते) : मैं भी समझता हूं।

श्री राम नरेश कुशवाहा : तो भाई साहब कठहुज्जत के लिये आप जो भी मन करे सो कहिये। हम लोग भारतीय कितने हैं, जरा अपनी छाती पर हाथ रख कर बोलिये। यहां भारत की संसद में कोई विदेशी आकर क्या कह सकता है कि यह भारत की संसद है। 90-95 परसेंट यहां पर जो कहा जाता है अंग्रेजी भाषा में कहा जाता है। कुछ हम लोग जैसे बेंवकूफ हैं क्योंकि हिन्दी बोलने वाले बेंवकूफ ही माने जाते हैं अखबार वाले भी नहीं छापते हिंदी में बोलने पर और अंग्रेजी बोलने वाले अप-टु-डेट लोग भी नहीं सुनेंगे, कुछ ऐसे लोग हैं जिनको प्रचार चाहिये या नहीं चाहिये लेकिन हिंदी में ही बोल देंगे तक तक हम लोगों का नम्बर ही नहीं आएगा विदेशी देख कर के चला जायेगा। तो जहां पर हमारी भारतीय संसद को देखने के बाद भी यह पता नहीं चल सकता है कि यह हिन्दुस्तान की पार्लियामेंट है या इंग्लैंड की पार्लियामेंट है इस देश को आप क्या बनाना चाहते हैं आप यह बताइये (व्यवधान) दिल्ली तो हिंदुस्तान है ही नहीं देखिये जो बड़े शहर हैं वे हिंदुस्तानियत के प्रतीक नहीं रह गये हैं। तो माननीय मन्त्री जी से मैं निवेदन करना चाहूंगा कि आप कृपा कर के भारतीय संस्कृति की रक्षा करिये। सेंट्रल स्कूल के लोग अगर कुछ मांगते हैं तो बजाय उनको कुछ देने के उनकी यूनियन के लीडरों को आपने बर्खास्त कर दिया प्रेजीडेंट को बर्खास्त कर दिया, यह कोई अच्छी बात नहीं है। उनकी मांगों पर आप विचार कीजिए अगर कुछ देने लायक है तो दीजिए नहीं तो उनको समझा दीजिए लेकिन कम से कम मांगने वालों पर डंडा तो मत चलाइये। इन चंद शब्दों के साथ मैं आपसे विदा लेता हूं।

श्री हयातुल्ला अन्सारी : जनाब वाइस चैयरमैन साहब, नयी पालिसी जो है एजुकेशन की मुझे बहुत पसंद है। यों तो हर चीज पर कहना चाहता था लेकिन एक बात रखूंगा जो लक्ष्य सामने रखा गया है कि हम चार पांच सालों में इतने बच्चों को पढ़ा देंगे इतने अडल्ट्स को पढ़ा देंगे, मुझे डाउट है कि यह हो सकेगा। तो तीन बातें हैं। अभी कुछ जमाना हुआ एजुकेशन डिपार्टमेंट ने एक बहुत अच्छा पेपर पेश किया था जिस में यह था कि प्राइमरी एजुकेशन में कितने ड्राप आऊट होते हैं। फिगर दिये थे हर स्टेट के, बहुत अच्छा था। 30 परसेंट उसका औसत था। प्राइमरी एजूकेशन में 30 परसेंट ड्राप आउट हो रहे हैं। एडल्ट एजूकेशन के ड्राप आउट का नहीं दिया था। बहुत अच्छा किया था इसलिए कि उसमें 80 परसेंट ड्राप आउट होते हैं। ड्राप आऊट कैसे होते हैं यह मेरी समझ में नहीं आता है। सिर्फ ड्राप आऊट की प्राब्लम नहीं है। एक प्राब्लम और है एडल्ट एजूकेशन की वह यह कि साल भर पढ़ने के बाद स्टुडेंट घर जाता है तो दे आर रिवटड टु इलिट्रेसी। दो बड़ी प्राब्लम्स एडल्ट एजुकेशन में हैं एक ड्राप आउट की और दूसरा इलिट्रेसी की। यह क्यों होता है? बड़ी स्कीमें बनीं बहुत अच्छा है, बड़े प्राजेक्ट हैं ब्लैक बोर्ड आदि सब चीजें हैं मगर कैसे होगा? अगर आपने रेडियो, टी०वी० लगा दिया तो सब बच्चे कैसे पढ़ जायेंगे। वह पाइंट कहां है जहां फल होते हैं। आज तक कैंसर का इलाज नहीं हो सका इसलिए कि काज नहीं मालूम है। यहां भी काज नहीं मालूम है फैलयोर का कि बच्चे क्यों ड्राप आउट होते हैं। एडल्ट एजुकेशन क्यों फेल हो रहा है। इसका इलाज क्या निकलेगा। यहां काज क्लीयर है लेकिन चूंकि चली आ रही है बीमारी तीन चार साल से और उससे हमारी आखें चकाचौंध हो

[श्री हयातुल्ला अन्सारी]

गयी हैं तो दिखाई नहीं पड़ता है। आप बच्चे को कहते हैं "क ख ग" याद करो। कैसे याद करोगे। रटो। रटते हैं लेकिन दिल कैसे लगेगा। आप कहते हैं बाई फोर्स कंसंट्रेट करो। क्या फोर्स से कंसंट्रेट कर सकते हैं। यह बहुत बड़ी चीज है। किसी योगी से पूछिये वह कहेगा दो साल प्रेक्टिस करोगे तो कंसंट्रेशन होगा वरना नहीं अब बच्चा कैसे करेगा, कोई इमोशनल लिंक नहीं है कखग से। कैसे आप करोगे। अब आप इंसिस्ट करते हैं, हिम्मत दिलाते हैं, टीप मारते हैं और मिठाई खिलाते हैं तब वह रटता है। 10 मिनट अगर रटता है तो दो मिनट रटता है और 8 मिनट उसका मन वांडर करता है। तब आप उसे डांटते हैं फीयर काम्प्लेशन पैदा करते हैं और मिठाई का लालच देते हैं तो ग्रीड कांप्लेक्स पैदा करते हैं। तो तीन चीजें आप देते हैं उसको। 10 मिनट में 8 मिनट माइंड वांडर होता है और डांटते हैं तो फीयर कांप्लेक्स पैदा होता है तथा मिठाई देते हैं तो ग्रीड काम्प्लेक्स पैदा होता है। यही हम बच्चे को देते हैं लेकिन चूंकि 3 हजार साल से चल रहा है इसलिए है। इससे पहले हम समझते थे कि हमारी दुनिया नहीं घूमती है बल्कि सूरज घूमता है, वैसे ही यह भी समझते हैं, हजारों साल से यह ध्यान ही नहीं दिया है कि क्या खराबी है। रटना तो एक अननेचुरल चीज है। मैं आपको एक बात और बताऊं।

श्री गुलाम रसूल मट्टू : उस मामले में आपका सजेश्चन क्या है?

श्री हयातुल्ला अन्सारी : मैं देता हूं, सजेश्चन पर आता हूं। अंग्रेजी में चल रहा है हमारे दोस्त अंग्रजी से बहुत डरे हुए हैं लेकिन मुझे अफसोस है कि मैं उनके खिलाफ खड़ा हूंगा। एक किताब छपी थी 20 साल हो गये, "वाई जानी कैन नाट रीड" डा० फ्लश की लिखी हुई है। मैं एत्तिफाक से अमरीका गया हूं। वहां उनसे मिला और कहा यह आपने कैसे कह दिया कि जानी कैन नाट रीड। वे हंसे कहने लगे आप बस में बैठिये। वहां 2–4 आदमियों से कहा यह पैरा पढ़ दें तो 10 में से 4 ने गलत पढ़ा। मैंने भी यही किया तो 4 नहीं 5 आदमियों ने गलत पढ़ा। यह वहां है जिससे आप डरते हैं अमेरिका से जहां हर चीज अच्छी होती है, मगर वहां 10 में से 4 गलत पढ़ेंगे, सही नहीं पढ़ेंगे। अभी चार रोज हुए, एक यू० के० की एडल्ट एजुकेशन एक्सपर्ट मिसेज जीन्स जन आई थीं। वे इत्तिफाक से मेरे यहां आई मुझसे बात हुई उन्होंने किस्सा बताया कि आज आप यू०के० में आइये वहां भी आपको ऐसे ही मिलेगा, 10 में से 4 गलत पढ़ेंगे क्योंकि उनके यहां रटने के दो तरीके हैं एक तो हम रटते हैं सेंटेंसेज को फिर उसको ब्रेक करते हैं सिलेबुल्स में या फ्रेजे वगैरह में। वे अपने ला को बहुत ऊंचा समझते हैं। उसके कई नाम रख हुए हैं। उसमें यही था कि सेंटेंसेज रटो उसको ब्रेक करो आदि। तो अब मैं यह कहूंगा कि हमें इस चीज को समझ लेना चाहिए और इलाज करना चाहिए। अब मिनिस्टर साहिबा तो जा रही हैं मैं इन्हीं से कहना चाहता था एडल्ट एजुकेशन के सिलसिले में। अब मैं एक बात बताऊं। अमेरिका ने एक एक्सपेरीमेंट किया है कि के० जी० में उसे पढ़ना और लिखाना शुरू किया। प्लस 4 एज से शुरू किया जब बच्चा प्लस 5 में आया तो सेकेण्ड रीडर पढ़ा रहे थे और जब उसके बाद यानी फर्स्ट में आया और एक साल आगे बढ़ा तो वह थर्ड रीडर पढ़ाने लगे। यानी जब सैकंड क्लास में पहुंचेंगे तो फिफ्थ रीडर पढ़ रहे होंगे, तब क्या करेंगे आप? मुझे यकीन है कि हमारे जितने दोस्त हैं, वह कहेंगे कि भाई अमरीका एक डेपूटेशन भेजो, 25 लाख रुपया मंजूर करो। 25 लाख रुपया डेपूटेशन पर लगेगा। वह वहां जाकर देखेगा कि कैसे पढ़ गये वह दस महीने में थर्ड रीडर कैसे पढ़ लो उन्होंने? वह जब देखेंगे तो दो-तीन बातें और मालूम होंगी, थर्ड रीडर पढ़

ली है और पहले जो उनका 80 परसेंट रिजल्ट आता था, वह अब 95 परसेंट रिजल्ट आता है बच्चों का। पहले एग्रीगेट मार्क्स होते थे 70, अब होते हैं 90 यानी बोझ हो बढ़ रहा है बच्चों पर। बहुत अजीब बात होगी। तो यकीनन् आप 25 लाख रुपये देकर डेपुटेशन भेजेंगे, हमारे भी दोस्त वहां जायेंगे, देखेंगे, वहां से लौट कर आयेंगे, एक रिपोर्ट छपेगी और एक सेमिनार होगा।

मेरी गुस्ताखी होगी मैं अर्ज करूं कि आपको अमरीका जाने की कोई जरूरत नहीं है यहां से पांच मील पर ट्रांस-जमुना में जाइये, वहां चौदह स्कूल हमारे अंडर चल रहे हैं प्राइमरी के, जहां के बच्चे प्लस 4 के बच्चे थर्ड रीडर पढ़ रहे हैं और करेक्ट इमला उनकी होती है। उसके बाद जो बच्चे और ज्यादा पढ़ गये हैं, वह थर्ड रीडर और फोर्थ रीडर पढ़ रहे होंगे।

अब एडल्ट एजुकेशन में आइये। एडल्ट एजुकेशन में कहते हैं कि किसी क्लास में आपको 6-7 से ज्यादा नहीं मिलेंगे और साल भर के बाद जब पढ़ कर निकलेंगे, तो पढ़ना नहीं आएगा उन्हें। हम आपको दिखाते हैं, हमारे यहां 6-7 तो क्या वजह है, क्लास से कम नहीं मिलेंगे। इसलिए ओवरक्राउडेड हो जाते हैं। जब सर्दियां आती हैं, तो उनकी मां भी आ जाती है, बड़ी बहिनें भी आ जाती हैं पढ़ने के लिए। तो वह सब आकर इकट्ठा हो जाती हैं। तो हमारे यहां देख लीजिए जब आप चाहें। तो हमारे यहां आकर देख लीजिए। वहां आपको साफ दिखाई देगा कि क्या किस्सा है।

चीज यह है कि कुछ मैथड और भी दुनिया में बन चुके हैं। अभी जब बहस हो रही थी दुनिया में कि सूरज से इनर्जी कैसे लें, तो एक साईंस का जो मैगजीन निकलता है, उसमें लिखा था कि यह न कीजिएगा, छत पर लगा कर जो लाईट लेते हैं, वह तरीका न चलेगा बल्कि बिलकुल नये एंगल से आपको आना पड़ेगा। तो नये एंगल से आना पड़ा है, जिन्होंने यह नया तरीका निकाला है। सवाल यह आया है कि जो लोग सोचते हैं कि आखिर इन्सान जब केव में रहता था, वह तसवीरें बनाता था, लैटर्ज कैसे निकाल लिये? क्या प्रासेस था? जो काम किया चाहे पांच-दस हजार साल में या चाहे एक लाख साल में किया, वह क्या प्रोसेस था? क्या आप नहीं बना सकते हैं?

दूसरी उससे भी बड़ी बात है। मैंने एक मिस्त्री देखा लखनऊ में, बिलकुल अनपढ़ था। मोटर के तीस हजार पुरजे पहचानता था। इस तरह चण्डीगढ़ में मुझको एक सिख सज्जन मिले, बिलकुल अनपढ़—वह पाईप बनाते हैं, इतना करेक्ट कि क्या मजाल जरा सा भी फर्क हो जाए। वह लाखों के पाईप बनाते हैं और उनके पाईप एक्सपोर्ट भी होते हैं। वह बिलकुल अनपढ़ हैं।

एक सवाल यह भी है कि अनपढ़ नई बातें कैसे सीखते हैं, कैसे उन्हें जमा करते हैं लिखते हुए मैंने किस को नहीं देखा। जो चीजें मौजूद हैं कि इनसान ने पढ़ना-लिखना कैसे निकाला, लैटर्ज कैसे निकाले, अनपढ़ कैसे पढ़ते हैं? एक तरीका बताइये, चीज मौजूद है।

मेरा कहना यह है कि अब नई लाईन को ढूंढने की क्या जरूरत है, मगर एक बात मैं और कहता हूं एजुकेशन डिपार्टमेंट से—खुराना को उन्होंने निकाल दिया, सैटल नहीं होने दिया, लैबारेट्रीज नहीं दीं, बल्कि उसका इन्सल्ट भी किया गया ऐसा उन्होंने बयान में कहा था। चंद्रशेखर को फाईनेंस में डिपार्टमेंट की सर्विस नहीं मिली। यह दोनों नोबेल लारियेट हैं, हमने निकाल दिया दोनों को यहां से। मैं खुद भुगत चुका हूं। जबकि इत्तिफाक से 1976 में मैं एडल्ट एजुकेशन में पढ़ाता था, तो मैंने 1976 में रिपोर्ट दे दी। उसमें नौ हजार को पढ़ाना था मैंने दस हजार पढ़ा दिये थे।

[श्री हप्पतुल्ला अन्सारी]

उस पर एडल्ट एजुकेशन डिपार्टमेंट इतना खफा हुए है कि उसने छह साल तक तवज्जह नहीं दी, हालांकि श्रीमती शीला कौल ने पूरी कोशिश की, जो पहले श्रीमती ग्रेथाल थीं, उन्होंने पूरी कोशिश की, मगर उत्तर प्रदेश की गवर्नमेंट तैयार नहीं हुई । उन्होंने कहा कि इनको काम करने का अपरचुनिटि न दो । तब मैंने दिल्ली में काम शुरू किया । वह अमरीका भाग गई और मैं दिल्ली भाग आया । यहां काम किया । लेकिन यहां पर हम इस सरकार को दिखा सकते हैं कि हमारे यहां प्लस 4 के बच्चे थर्ड रीडर पढ़ रहे हैं, प्लस 5 के फोर्थ रीडर पढ़ रहे होंगे । उसके बाद इस वक्त अगर देखें, तो वह भी अभी प्लस 4 के हैं, तो आपको फोर्थ रीडर पढ़ कर दिखा देंगे, करेक्ट इमला लिखेंगे, सही लिखेंगे ।

तो बात यह है कि हमें नई लाईन से आना पड़ेगा और करना पड़ेगा । तो इस काम को करने के लिए यह भी है कि अगर कोई मेहनत कर रहा है, उसमें अगर कोई एक्सपेरिमेंट कर रहा है, तो थोड़ा सा शासन को भी उसका साथ देना पड़ेगा । कम से कम जस्टिस से उसको देखना होगा, उसकी दुश्वारियां दूर करनी होंगी । इसके बगैर आपकी गाड़ी आगे नहीं बढ़ेगी ।

मैं बता दूं कि क्या-क्या दुश्वारियां हैं । एडल्ट एजुकेशन में जो किताबों के लिए साढ़े तेरह रुपये रखे गये हैं, हमारे यहां लड़के-लड़कियां इतनी हैं कि साढ़े तेरह से उनकी पेंसिल, कागज ही पूरे नहीं होते हैं । जब वह थर्ड से पढ़ कर आयेंगे, तो उनको फोर्थ की किताबें खरीदनी पड़ेंगी । इसके दाम वहां से आयेंगे ? हम पूरा कर रहे हैं और करते रहेंगे । तो यह बताऊंगा और आपको देखना पड़ेगा कि कैसे चल रहा है ?

दूसरे, स्लम में पढ़ाना चाहते हैं, मुझे खुशी हुई, लेकिन मैंने स्लम देखे हैं, उन स्लम्स के अन्दर गया हूं, एक भी चौराहा नहीं हैं, पतली गलियां हैं, एक जगह नहीं कि जहां क्लास खोली जा सके और पढ़ने के लिए सब बेचैन हैं, रोज आ रहे हैं । बरसात में उनकी गलियों में पानी भर जाता है, निकल नहीं पाते हैं, वह भुगत लें, लेकिन पढ़ायें कहां, बिठायें कहां उनके पास कोई जगह ही नहीं है । दिल्ली में एक नहीं, ऐसे चालीस स्लम हमने देखे हैं । जहां हमने घूमकर दौरे किए । कैसे पढ़ायेंगे, कहां से पढ़ायेंगे, यह प्राब्लम है यह समझ आना चाहिए । लेकिन अफसोस, कोई देखने वाला नहीं है । इस पर मैं ज्यादा नहीं कहूंगा । एक बात मैं कहूंगा । मदर टंग की यहां बहुत बातें आई हैं । मैंने सुना है कि कुछ ऐसे स्कूल भी हैं जहां मदरटंग में तालीम होती है । काश, हमारे यू० पी० में भी एक-दो ऐसे स्कूल होते । उत्तर प्रदेश में हमारी मदरटंग उर्दू है । काश, एक स्कूल भी पूरे यू० पी० में ऐसा होता जहां पर मैं अपने बच्चे को उर्दू पढ़ा सकता, उसे तालीम दे सकता । इंदिरा जी ने साढ़े सात हजार स्कूल खोले • । जो कि सब किनारे कर दिए । इस वक्त वह नहीं हैं हमारे नारायण दत्त तिवारी जी, जब वह चीफ मिनिस्टर होकर आए उनके सामने प्राब्लम रखी गई थी । डायरेक्टर ने कहा था कि यहां पर स्कूल हैं । मैंने कहा कि चलिए, यहां पर एक स्कूल भी आप दिखा दीजिए । एक स्कूल भी नहीं है । डायरेक्टर ने कहा कि हां, बिल्कुल नहीं है । उसके बाद बहस आई । चार उर्दू ट्रेनिंग कालेज हैं क्योंकि 'आफीशियली आन पेपर आठवीं तक उर्दू पढ़ाई जा सकती है । तो जाहिर है कि जब उर्दू जानने वाले, पढ़ाने वाले नहीं हैं तो उसकी ट्रेनिंग वहां से होगी । ट्रेनिंग कालेज के लिए मैंने कहा कि दिखाइये एक टीचर नहीं जो कि उर्दू जानता हो । दो-चार स्टूडेंट्स को छोड़कर एक नहीं जो कि उर्दू जानता हो । उनकी कापियां देखिए कहीं उर्दू नहीं लिखी हुई होगी । नारायण दत्त तिवारी जी ने कहा, आई एम एशेम्ड, आई एम शोकड । ये उनके अलफाज थे रिपोर्ट पहुंचने पर । बहरहाल वह तो दूसरा मामला है । अब यह क्या है, नाएडा में हमारे बच्चों के लिए

जगह ही नहीं है। मैं मिनिस्टर साहब से कहूंगा कि नोएडा में कहीं एक स्कूल ऐसा होना चाहिए जहां पर कि हमारे बच्चे जा सकें। प्रोसीक्यूशन, मजहब प्रोसीक्यूशन तो दुनिया में है लेकिन लेंग्वेज प्रोसीक्यूशन मुझे नजर नहीं आया सिवाय हिन्दुस्तान के और सिवाय हमारे यू० पी० के और वहां तो मैं फरियाद कर रहा हूं। मैं लड़ रहा हूं और 50 साल हो गए हैं मुझे लड़ते हुए। मैं थका नहीं हूं। मेरे बाद और भी लड़ने वाले मौजूद हैं। वहां हम जीत करेंगे। आप नोएडा में कोई जगह तो निकालिए जहां पर कि हमारे बच्चे भी पढ़ सकें। हमारे बच्चे उर्दू में पढ़ते हैं मैं जिस जुबान में बोल रहा हूं वह हमारी जुबान है। मैं दूसरी भी जानता हूं। मेरा एक तरीका है एढ़ना-लिखना सिखाने का और हिन्दी में 40 साल लगे उसे तैयार करने में। बिना मोहब्बत के कोई नहीं कर सकता। मैं दिखाऊंगा, उर्दू के दो स्कूल हैं और हिन्दी के 25 स्कूल हैं। हिन्दी में सब काम कर रहा हूं, पढ़ा रहा हूं। और हिन्दी में 4.5 लाख को पढ़ा चुका हूं। यह न समझिए कि मैं हिन्दी से दूर हूं। करीब हूं, मोहब्बत है, फिर लिखता भी हूं। लेकिन यह ही मैं समझता हूं कि मेरी जबान उर्दू है। कम से कम कोई जगह तो ऐसी नोएडा में हो जहां पर हमारे बच्चे पढ़ने के लिए दाखिल हो सकें? धन्यवाद।

श्री सूरज प्रसाद (बिहार) : महोदय, मैं शिक्षा नीति पर बोलने के पहले शिक्षकों की जो कुछ समस्यायें हैं उस पर मैं बोलना चाहता हूं। कालेज के शिक्षकों का आंदोलन कई स्तरों पर गुजरने के बाद 21 तारीख से बोट क्लब में धरना के रूप में आ गया है। इन शिक्षकों की मांग यह है कि 1973 के बाद उनके पे-स्केल में कोई संशोधन नहीं किया गया है। पीछे महरोत्रा कमीशन की बहाली हुई थी और उसने अपनी रिपोर्ट सरकार को दे दी है। फिर भी उस कमीशन की रिपोर्ट का कार्यान्वयन अभी तक नहीं हुआ है। उनकी मांग यह है कि महरोत्रा कमीशन की रिपोर्ट, जो सरकारी पे कमीशन की रिपोर्ट है उसकी रोशनी में उसे लागू किया जाना चाहिए। यह उनकी मांग इस मायने में जायज है कि सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की पे में वृद्धि काफी कर दी गई है लेकिन 1973 के बाद महंगाई में पौने चार गुना वृद्धि हुई है लेकिन उनके वेतन और महंगाई भत्ते में किसी तरह की वृद्धि नहीं की गई है। इसलिए मैं सरकार से चाहूंगा कि आज या कल जब सरकार इस पर जवाब दे तो इस समय मे निर्णय की घोषणा की जानी चाहिए कि वह महरोत्रा कमीशन की रिपोर्ट लागू करने जा रही है। दूसरी बात मैं कहना चाहूंगा, वह यह कि आज से कुछ माह पहले बिहार में प्राइमरी शिक्षकों की हड़ताल हुई थी, वह हड़ताल वापस हो गयी है, लेकिन सरकार ने हड़ताली शिक्षकों की, प्राइमरी और सेकेंड्री स्कूल के शिक्षकों की हड़ताली-अवधि के वेतन का अभी तक भुगतान करने में आनाकानी की है। उनकी वेतन भुगतान की मांग है। हड़ताल में उनकी मुख्य मांग यह थी कि केन्द्रीय स्तर पर उनको वेतन मिलना चाहिए, जो कि उनकी जायज मांग है। सिर्फ बिहार के शिक्षकों का ही प्रश्न नहीं है, पूरे देश के शिक्षकों में वेतन और अन्य प्रश्नों पर, उनकी सुविधाओं के प्रश्न पर काफी असंतोष है। सरकार के द्वारा जो सरकारी नीतियों की घोषणा की गयी है, उसके लागू करने की बहुत हद तक जिम्मेदारी शिक्षकों पर निर्भर करती है। अगर उनमें असंतोष रहा तो जाहिर है कि सरकार के द्वारा जो सरकारी-नीतियों की घोषणा की गयी है, वह लागू होने में काफी कठिनाई पैदा होगी। इसलिए मैं सरकार से चाहूंगा कि बिहार के अन्दर जो प्राइमरी शिक्षक और सेकेंडरी शिक्षक हैं, उनके जो एक माह का वेतन, हड़ताल की अवधि का वेतन सरकार ने अभी तक भुगतान नहीं किया है, उसे भुगतान कराने के लिए केन्द्र सरकार बिहार सरकार को निर्देश दे और साथ ही साथ केन्द्रीय स्तर पर वेतन देने के बारे में भी फैसला करे।

[श्री सूरज प्रसाद]

आजादी के बाद सरकार ने कई शिक्षा-नीतियों की घोषणा की है। लेकिन सरकार की कोई भी शिक्षा नीति पूर्णतया लागू नहीं हुई, चाहे वह राधाकृष्णन कमीशन की नीति हो, चाहे कोठारी कमीशन की नीति हो। सभी शिक्षा-नीतियां सरकार की असफल रही हैं। मुझे लगता यह है कि सरकार की यह भी शिक्षा नीति असफल ही रहेगी और इसमें सफलता मिलने की संभावना नहीं है। अभी भारत सरकार की जो शिक्षा-नीति है वह शिक्षा-नीति अंग्रेजी राज्य के समय में जो शिक्षा-नीति थी, उसी की नकल एक तरह से है। जिस समय अंग्रेज देश में राज्य करते थे, उस समय देश के अन्दर कई तरह के स्कूल प्रचलित थे। हमारे देश के अंदर उस समय दून स्कूल था, जूनियर केम्ब्रिज था, सीनियर केम्ब्रिज था, सरकारी जिला स्कूल थे, पब्लिक स्कूल थे, सरकारी स्कूल थे, गैर-सरकारी स्कूल थे और अभी भी सरकार ने जो शिक्षा नीति लागू की है, इसमें समान शिक्षा की नीतियां नहीं है, इसके अनुसार भी दून स्कूल रहेगा, नवोदय स्कूल रहेगा, सरकारी स्कूल रहेंगे, पब्लिक स्कूल रहेंगे। मेरी तो अपनी समझ यह है कि यह पब्लिक स्कूल मशरुम की तरह बढ़ रहे हैं, कुकुरमुत्ता की तरह देश में बढ़ते चले जा रहे हैं। पहले तो यह शहरों तक ही सीमित थे, लेकिन अब देहाती क्षेत्रों में भी कुछ बड़े गांवों में भी पहुंच रहे हैं और इस प्रकार से देश के अन्दर एक तरफ तो सरकारी स्कूल है, जहां पढ़ाई की कोई सुविधा नहीं है, बिल्डिंग की सुविधा नहीं है, दूसरी सुविधाएं नहीं है लेकिन दूसरी तरफ जो पब्लिक स्कूल हैं, जिनमें फीस अधिक वसूल की जाती है, फिर भी वहां बच्चों की काफी भरमार रहती है, ऐसे पब्लिक स्कूलों में अच्छी शिक्षा होती है, उच्च स्तर की शिक्षा है। इसलिए देश के अन्दर जो समान शिक्षा की बात है, वह लगता यह है कि नयी शिक्षा नीति में भी वह समान शिक्षा नीति नहीं है।

महोदय, देश में एक नारा था—चाहे राष्ट्रपति की संतान या भंगी की संतान, सबको शिक्षा एक समान। यह जो देश में नारा था, यह भी नयी शिक्षा नीति से पूरा नहीं होता। इस प्रकार से देश के अंदर जो शिक्षा नीति चली है वह कुलीनों की शिक्षा नीति है, इससे मुठ्ठी भर लोग ही लाभान्वित होंगे और अधिकतर लोग उसी तरह की शिक्षा पाएंगे जैसी वह पहले से पाते आ रहे हैं।

महोदय, सरकार ने देश में नवोदय स्कूलों की स्थापना करने की घोषणा की है। नवोदय स्कूल देश के सारे जिलों, 412 जिलों में स्थापित होंगे। इन सारे नवोदय स्कूलों का खर्चा सरकार वहन करेगी। स्कूलों का खर्चा, बोर्डिंग का खर्चा और तमाम दूसरी तरह का खर्चा सरकार ही वहन करेगी। अंग्रेजों के जमाने में भी जिलों में सरकारी स्कूल थे और सरकारी स्कूलों का तमाम खर्चा सरकार ही वहन करती थी। उसी तरह से ये नवोदय स्कूल हो गए हैं। जिन स्कूलों को नवोदय स्कूल कहा गया है उसी तरह के स्कूल अंग्रेजों के जमाने में भी थे। इनके अलावा जो प्राइवेट स्कूल थे वे अपने साधनों पर चलते थे और ये सरकारी स्कूल सरकार के साधनों पर निर्भर करते थे। इस तरह से आज के इन स्कूलों की स्थापना का उद्देश्य भी समान शिक्षा के उद्देश्य के विपरीत है। इसलिए मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि ये जो नवोदय स्कूल खोले जा रहे हैं, जिन पर बड़ी भारी रकम खर्च की जा रही है और शिक्षा में भेद किया जा रहा है, इसको समाप्त करना चाहिये। एक तरफ तो प्राइमरी, मिडील या हायर सेकेण्डरी स्कूल होंगे। जिनमें कि भवन नहीं है, जहां ब्लैक बोर्ड नहीं है, जहां बच्चों के लिये पीने का पानी नहीं है, जहां फील्ड नहीं है, और दूसरी ओर नवोदय स्कूल के नाम पर इतना पैसा खर्च करना अन्यायपूर्ण बात है। यह सही नीति नहीं है। इन स्कूलों से जो बच्चे निकलेंगे और जो दूसरे स्कूलों से निकलेंगे उनकी शिक्षा के स्तर में काफी फर्क होगा। इसलिये हमारी समझ यह है कि ये जो नवोदय स्कूलों पर खर्च हो रहा है, इसकी कोई आवश्यकता नहीं है।

इसको स्कैप पर देना चाहिये और इनका पैसा उन स्कूलों के लिए इस्तेमाल करना चाहिये जहां कि भवन नहीं है, जहां बेंच नहीं है, जहां फील्ड नहीं है, जहां स्कूलों के बच्चों के लिए दूसरे साधन नहीं है।

तीसरी बात मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि शिक्षा नीति का यह भी उद्देश्य था कि देश के अंदर निरक्षरता को दूर किया जाए। लेकिन देश के अंदर अनपढ़ों की संख्या घटने के बजाय बढ़ती चली जा रही है 1951 में जहां देश में 30 करोड़ लोग अनपढ़ थे, 1981 में उनकी संख्या बढ़ कर 35 करोड़ हो गई है। कुछ लोगों का अनुमान है कि 2001 ईसवी तक अनपढ़ों की संख्या बढ़कर 55 करोड़ हो जायेगी। इस तरह से लगता है कि निरक्षरता दूर करने की दिशा में सरकार इस मायने में भी असफल रही है।

श्रीमन्, गरीबी और निरक्षता में अभिन्न सम्बन्ध है। देश के 50 प्रतिशत लोग गरीबी की रेखा के नीचे हैं, वही अनपढ़ भी होते हैं। अगर उनकी हालत में सुधार करना है तो हमारी समझ यह है कि निरक्षरता को दूर करने के लिये कदम उठाना चाहिये। जो हमारी पहली शिक्षा नीति थी उसके फेल होने का कारण यही था कि सरकार ने उसके लिये समुचित साधन उपलब्ध नहीं कराए। देखने में यह लगता है कि शिक्षा पर हमारा खर्चा दिन प्रति दिन घटता ही चला जा रहा है। पहली योजना में शिक्षा पर 7.9 प्रतिशत का खर्चा तय किया गया था। छठी पंचवर्षीय योजना में वह 3.2 परसेंट है। सातवीं पंचवर्षीय योजना में, जो इस साल का बजट है यद्यपि इसमें काफी बढ़ा है फिर भी 1.2 से ज्यादा नहीं है। कोठारी कमीशन की सिफारिश थी कि शिक्षा पर 6 परसेंट खर्च किया जाना चाहिये लेकिन देखने को यह मिलता है कि शिक्षा पर खर्च करने का जितना उपबन्ध करना चाहिये था उतना उपबन्ध नहीं किया गया। देश के अन्दर सुरक्षा पर 14 परसेंट खर्च होता है। विदशी ऋण के भुगतान में करीब 16 से 18 परसेंट खर्च होता है लेकिन शिक्षा पर 6 परसेंट। यह शिक्षा के प्रति मजाक हो जाता है। मैं सुरक्षा पर खर्च इतना होने का आलोचक नहीं हूं लेकिन इसका यह अर्थ यह नहीं है कि शिक्षा की उपेक्षा की जाए। इसका भी मैं हिमायती नहीं हूं कि शिक्षा की उपेक्षा की जाये। मैं सरकार से यह कहना चाहता हूं कि सरकार इस सम्बन्ध में काफी साधन उपलब्ध कराये। एक तरफ केन्द्रीय सरकार ने शिक्षा पर 600 करोड़ रुपये का उपबंध किया है लेकिन देखने को यह मिलता है कि राज्य सरकार अपने बजट में शिक्षा पर उतनी राशि का उपबंध कराने की दिशा में कोई कदम नहीं उठा रही है। यह एक तरह से सरकार द्वारा घोषित नीतियों की असफलता का द्योतक है। सरकार ने व्यावसायिक शिक्षा पर भी जोर दिया है, यह अच्छी बात है। यह भी जोड़ दिया गया है कि व्यावसायिक शिक्षा रोजगार दिलाने में सफल होगी लेकिन देखने को मिलता यह है कि टेक्नीकल शिक्षा प्राप्त देश के अन्दर जितने भी लोग हैं उन तमाम को सरकार की तरफ से काम नहीं मिल पाता है। चाहे डाक्टर हों, चाहे इंजीनियर हों या आई०आई०टी० से शिक्षा प्राप्त लोग हों, ये काफी संख्या में देश के अन्दर बेकार हैं। ऐसी अवस्था में व्यावसायिक शिक्षा से रोजगार लोगों को मिलेगा ही यह नहीं कहा जा सकता। शिक्षा और रोजगार दोनों चीजों में से रोजगार निर्भर करता है शिक्षा पर नहीं बल्कि सरकार की आर्थिक नीति पर। इसलिये मैं सरकार से सिफारिश करूंगा कि व्यावसायिक शिक्षा के साथ-साथ देश के अन्दर सरकार को आर्थिक नीतियों में भी ऐसा परिवर्तन करना चाहिये ताकि रोजगार का अधिक से अधिक सृजन हो सके।

उपसभाध्यक्ष (डा० बापू कालदाते): दो ही मिनट रहे हैं आप समाप्त करिये।

श्री सूरज प्रसाद: मैं इन दो मिनटों में कई बातें बोल लूंगा।

उपसभाध्यक्ष (डा० बापू कालदाते) : आपके भाषण के साथ इस को पूरा कर देंगे।

श्री सूरज प्रसाद : मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार ने अपनी शिक्षा नीति में धर्मनिरपेक्षता पर बहुत जोर दिया है। मैं बिहार से आता हूं और बिहार के अंदर जो स्कूल और कालेज खोले जा रहे हैं वे जातीय आधार पर खोले जा रहे हैं। शायद ही कोई ऐसी बड़ी जाति होगी जिसके नाम पर स्कूल और कालेज न खोल जा रहे हों। उन स्कूलों और कालिजों में जाति विशेष के ही लोग बहाल किये जाते हैं। यह धर्म निरपेक्ष शिक्षा नीति के विपरीत है। स्कूल और कालेजों के नाम भी जाति के आधार पर ही रखे जाते हैं। मैं चाहूंगा कि इस ओर सरकार का ध्यान जाना चाहिए और धर्म निरपेक्ष शिक्षा नीति इस तरह से लागू की जानी चाहिए कि जो धर्म निरपेक्षता के सिद्धांत के विपरीत हो रहा हैं उसको सही दिशा में लाने पर कदम उठाया जा सके। बिहार में शिक्षा का स्तर गिर रहा हैं। समय पर परीक्षाएं नहीं होती। स्कूल और कालेज में प्रवेश की समस्या बहुत ही गम्भीर हैं। शिक्षा स्तर में भंयकर गिरावट आ गयी हैं। परीक्षाओं में चोरी पराकाष्ठा पर पहुंच गई है। इसलिए मैं सरकार से यह कहना चाहूंगा कि यह केवल बिहार की विशेषता नहीं हैं कि इस तरह की बात केवल वहीं पर हो रही हो, यह बुराई पूरे देश में फैली हुई है। इसलिए मैं सरकार से यह कहना चाहूंगा कि शिक्षा जगत में जो इस तरह की कमजोरी है, इस तरह की जो गलत बात चल रही है उसको दूर करने की दिशा में शीघ्र कदम उठाना चाहिए। हमारे देश में शिक्षा के प्रसार और प्रचार के बाद भी साम्प्रदायिकता बढ़ी है। यह सरकार की शिक्षा नीति का दोष है। सेकुलरिज्म, जनतंत्र और समाजवाद की घोषणा के विपरीत देश के अन्दर साम्प्रदायिकता बढ़ी है, जातिवाद बढ़ा है। इसके कारण देश की एकता और अखण्डता की गम्भीर खतरा पैदा हो गया है। शिक्षा का उद्देश्य था देश की एकता को मजबूत करना, भाईचारे और सौहार्द को स्थापित करना और धर्म-निरपेक्षता की भावना को मजबूत करना। लेकिन हमारी शिक्षा की जो नीति है उसका परिणाम ठीक इसके विपरीत हो रहा है। देश के अन्दर साम्प्रदायिकता का विकास हो रहा है। इसलिए आज जरूरत इस बात की है कि शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी परिवर्तन किया जाय। हमारी शिक्षा नीति दूषित होती जा रही है।

मूल्योन्मुख शिक्षा की बात भी कही जाती है। लेकिन में यह कहना चाहता हूं कि कोर्स में इसको रख देने से, पाठ में इसको रख देने से, भाषण कर देने से मूल्यान्मुख शिक्षा नहीं दी जा सकती है। देश में नैतिकता का विकास होना चाहिए। लेकिन जब तक आप शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी परिवर्तन नहीं करेंगे तब तक आप देश के अन्दर बुनियादी मूल्यों की स्थापना नहीं कर सकते हैं

THE VICE-CHAIRMAN (DR. BAPU KALDATE): The House stands adjourned till 11 A.M. tomorrow.

The House then adjourned at three minutes past six of the clock, till leven of the clock, on hursday, the 23rd April, 1987.